CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड

RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्षः 14, अंकः 62 पृष्ठ :8 www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com लखनऊ, मंगलवार 20 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50



## संक्षिप्त समाचार

### बृजभूषण सिंह को अदालत ने किया बरी

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक सिविल कोर्ट ने सोमवार को कैसरगंज के भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह समेत तीन आरोपियों को सपा के पूर्व मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह पर हुये जानलेवा हमले के मामले में बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार ,सन 1993 में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह पर उनके नवाबगंज स्थित आवास पर गोलियों से जानलेवा हमला किया गया था जिसमें पंडित सिंह बाल बाल बच गये। इस मामले में पंडित सिंह के भाई जोगेंद्र सिंह ने बृजभूषण शरण सिंह,ज्ञान सिंह और दीप नारायण यादव के विरुद्ध नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### हैवान बना टीचर, चौथी क्लास के बच्चे को पीट-पीटकर मार डाला

**कर्नाटक।** कर्नाटक में स्कूल के टीचर की हैवानियत समाने आई है। यहां गडग जिले के हैडलिन गांव में स्थित सरकारी स्कूल के एक टीचर ने चौथी क्लास में पढ़ने वाले बच्चे की पिटाई कर उसे छत से नीचे फेंक दिया, जिसके बाद बच्चे की मौत हो गई. आरोपी टीचर कांट्रैक्ट पर स्कूल में पढ़ाता था। दरअसल, उच्च प्राथमिक विद्यालय में संविदा पर पढ़ाने वाले शिक्षक मुथप्पा ने चौथी क्लास के छात्र भरत को पहली मंजिल पर मौजूद क्लास से बाहर घसीटा और उसे पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद उसे स्कूल की पहली मंजिल से नीचे धकेल दिया। इसके बाद बच्चे की मौत हो गई। हैरानी की बात ये है कि बच्चे की मां भी उसी स्कूल में टीचर हैं और उनका नाम गीता है। वो भी स्कूल में संविदा पर हैं। जब टीचर मुथप्पा ने बच्चे को पीटना शुरू किया तभी भरत की मां गीता वहां पहुंची और टीचर से अपने बेटे को बचाने की कोशिश की, लेकिन मुथप्पा ने उन पर हमला कर दिया।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बोले, सपा के डीएनए में है दंगाइयों, अपराधियों से लगाव

**झांसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सपा के डीएनए में ही दंगाइयों और अपराधियों से लगाव करना है। इसी का कारण है कि मुलायम सिंह से लेकर अखिलेश यादव तक ऐसे लोगों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह के समय आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के मुकदमे सरकार ने वापस लेने के प्रयास किए थे। मगर न्यायालय की सक्रियता से वो इसमें सफल नहीं हो पाए। बाद में कोर्ट का जो निर्णय आया, वो सबके सामने है। उन्होंने ये बात सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उपचुनाव में दो सीटों पर मिली हार को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मैनपुरी मुलायम सिंह की परंपरागत सीट रही है। खतौली सीट पर हार की समीक्षा की जा रही है। वहीं, झांसी में दो भाजपा विधायकों के बीच चल रही तनातनी पर बोले कि दोनों नेताओं को साथ में बिठाकर बात की जाएगी।

# आईटी, कृषि, वैकल्पिक ऊर्जा और दुग्ध उत्पादन में आएगा बड़ा निवेश, ब्रजेश पाठक ने सौंपी रिपोर्ट

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर तीन देशों की यात्रा से वापस लौटे डिप्टी सीएम

- साइबर क्राइम थाने के हेड कांस्टेबल ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया
- दीपिका पादुकोण की जगह लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई

ब्रजेश पाठक ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। वह 7-16 दिसंबर तक मेक्सिको, ब्राजील और अर्जेंटीना की यात्रा पर थे। अपनी रिपोर्ट में डिप्टी सीएम ने कहा कि मेक्सिको में कृषि, वैकल्पिक ऊर्जा, आईटी क्षेत्र के उद्यमियों से मुलाकात की। अंतर्राष्ट्रीय मक्का और गेहूं सुधार केंद्र का दौरा कर वैज्ञानिकों से यूपी में सेंटर खोलने पर चर्चा की।



ब्राजील में ब्राजील इंडिया चैंबर और कॉमर्स, एथेनॉल व चीनी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर में निवेश के लिए उद्यमियों से बातचीत की। वहीं, अर्जेंटीना की चॉकलेट, कैंडी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की सबसे बड़े उत्पादक कंपनी आरकोर, आईटी कंपनी ग्लोबैंट, कृषि से जुड़े क्रेसुड, अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो व ऐतिहासिक फुटबाल बोका क्लब का दौरा कर अध्यक्ष जॉर्ज अमोर अमील से मुलाकात की।

इस सभी से यूपी में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश में निवेश को लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं के दौरान उन्होंने कहा कि यूपी में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं। 24 करोड़ की आबादी वाले राज्य में सभी सेक्टरों में निवेश के दरवाजे खुले हुए हैं। प्रदेश सरकार पूरी तरह से व्यापारियों और उद्यमियों के साथ है।

## विश्व मानवता का मार्ग प्रशस्त करेगा भारत : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए पंच प्रणों पर आगे बढ़ते हुए विरासत पर स्वाभिमान करने वाला सशक्त व आत्मनिर्भर भारत दुनिया को नेतृत्व व सुरक्षा देते हुए लोकमंगल की भावना से विश्व मानवता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

ऐसे में हर नागरिक का दायित्व है कि वह क्रांतिकारियों के सपनों के अनुरूप एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए पीएम मोदी द्वारा दिलाए गए पंच प्रणों से जुड़कर खुद को तैयार करे।

योगी सोमवार शाम काकोरी बलिदान दिवस पर गोरखपुर में आयोजित देश के अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। रामगढ़ताल के सामने स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में आयोजित 750 ड्रोनों की कलाबाजियों से अमर बलिदानियों की शौर्य गाथा प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में उभरा है। यह हर नागरिक के लिए गौरव का विषय है कि अपना देश 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होने कहा कि यही नहीं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिसंबर से अगले वर्ष 30 नवंबर तक विश्व के 20 प्रभावशाली व ताकतवर देशों के समूह जी-20 का नेतृत्व कर रहे हैं। ये विश्व के वे 20 देश हैं जो दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत व्यापार, 60 प्रतिशत आबादी व 90 प्रतिशत इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर आधिपत्य रखते हैं।

काकोरी ट्रेन एक्शन के नायकों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्रनाथ लाहिड़ी, चंद्रशेखर आजाद समेत सभी ज्ञात-अज्ञात अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम स्वातंत्र्य समर 1857 से लेकर 1947 तक उत्तर प्रदेश का कोई जिला या कस्बा ऐसा नहीं था।

## भाभी के अंतिम संस्कार में शामिल होने काशी पहुंचे राजनाथ



संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपनी भाभी के अंतिम संस्कार

**राजनाथ सिंह की भाभी नयनतारा देवी का आज सोमवार को बीएचयू में इलाज के दौरान निधन हो गया**

में शामिल होने के लिए आज यानी सोमवार को वाराणसी पहुंचे।

वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनकी भाभी का अंतिम संस्कार किया गया। राजनाथ सिंह की भाभी नयनतारा देवी का आज सोमवार को बीएचयू में इलाज के दौरान निधन हो गया। इस बारे में समाचार मिलने के बाद रक्षा मंत्री और उनके परिवार के सदस्य नई दिल्ली से वाराणसी पहुंच गए। वह मणिकर्णिका घाट पर भाभी की अंत्येष्टि में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राजनाथ सिंह की भाभी नयनतारा देवी को चोट लगने के बाद इलाज के लिए बीएचयू में भर्ती कराया गया था। 20 दिन तक चले इलाज के बाद आज सोमवार को उनका निधन हो गया। रक्षा मंत्री वायुसेना के विमान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचे। बीजेपी नेता पहले से ही मौजूद थे। रक्षामंत्री कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबतपुर से मणिकर्णिका घाट पहुंचे और इस दौरान मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त संतोष सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। रक्षामंत्री की भाभी के निधन से उनके गृह जनपद चंदौली में शोक की लहर दौड़ गई।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी हैः ठाकुर

### मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जो 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति अपनायी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि 2014 से मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जो 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति अपनायी उसी का परिणाम है कि आज जम्मू कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी है। 'आतंकवाद से निपटने में सरकार के प्रयास' विषय पर यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री ठाकुर ने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की अपनी नीति पर यूं ही चलता रहेगा और सरकार देश में आतंकवाद के गठजोड़ को तोड़ने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगी। इस खतरे से निपटने के लिए सरकार ने विभिन्न नीतियां अपनायी जिसमें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून



(यूएपीए) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना भी आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी सावधानी से 2014 से काम कर रही है और इसके स्पष्ट उदाहरण हैं 2019 में बालाकोट में सेना की कार्रवाई और 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद से निपटने के लिए कड़े नियम बनाये हैं और इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंच को एक साथ लाने का काम किया है और आतंकवाद की फंडिग रोकने के लिए पूरी गंभीरता से काम किया है। भारत में आयोजित की गयी 90वीं इंटरपोल जनरल एसेंबली में 2000 से अधिक राजनयिकों ने हिस्सा लिया और ग्लोबल एक्शन अगेंस्ट एक्ट ऑफ टेररिज़्म की घोषणा की गयी। उन्होंने कहा कि केवल कश्मीर ही नहीं पूर्वोत्तर में भी 2014 से शांति काल का शुरूआत हुई है और घुसपैठ से होने वाले हिंसा में 80 प्रतिशत तक कमी आयी है। उन्होंने कहा कि 2014 से 600 आतंकवादियों ने आत्मसर्मपण किया है और आतंकवादी घटनाओं में आम नागरिकों के मारे जाने की घटनाएं 89 प्रतिशत घटी हैं। साथ ही वाम विंग से जुड़ी अतिवादी घटनाओं में काफी कमी आयी है।

### पुलिस अधीक्षक के खिलाफ एससी/एसटी आयोग के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु राज्य एससी/एसटी आयोग के एक हालिया आदेश पर रोक लगा दी है। आयोग ने अपने 28 दिसंबर के आदेश में तिरुनेलवेली के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया था और उन्हें गिरफ्तार करने और आयोग के समक्ष पेश करने के लिए जमानती वारंट जारी किया था। जस्टिस जी। चंद्रशेखरन ने तिरुनेलवेली के एसपी पी. सरवनन की एक आपराधिक मूल याचिका पर अंतरिम आदेश पारित करते हुए निषेधाज्ञा दी। एसपी कुप्पुसामी चेट्टियार के मुताबिक, उनका एससी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले एम. परमानंदम के साथ शिवंथिपट्टी में जमीन को लेकर विवाद हुआ था। परमानंदम ने आरोप लगाया था कि कोयंबटूर के कुप्पुसामी चेट्टियार ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है और उनकी जाति का जिक्र करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## भाजपा ने चुनौती बनीं 160 सीटों के लिए बनाई रणनीति, नड्डा ने नेताओं के साथ किया मंथन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा ने केंद्र की सत्ता के लिए लगातार तीसरी बार जीत सुनिश्चित करने को लेकर नई रणनीति बनाई है। सत्तारूढ़ पार्टी ने खुद के लिए मुश्किल मानी जाने वाली लोकसभा सीटों का दायरा 144 से बढ़ाकर 160 कर दिया है। जेडीयू के एनडीए से अलग होने के बाद भाजपा बिहार में ज्यादातर लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। इस मिशन में जुटे नेताओं ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और भविष्य के रणनीति पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि भाजपा का बिहार और तेलंगाना पर मुख्य जोर है। भाजपा अपने



विस्तारको की दो दिवसीय प्रशिक्षण बैठक भी आयोजित करेगी, जो पटना और हैदराबाद में होगी, जिसमें इन सीटों के प्रभारी शामिल होंगे। भाजपा साल 2019 के लोकसभा चुनाव में विभिन्न राज्यों की इन 160 सीटों में से ज्यादातर सीटें हार गई थी। लेकिन इस सूची में कुछ ऐसी लोकसभा सीटें भी शामिल हैं, जिस पर भाजपा ने ही जीत दर्ज की थी। पार्टी का मानना है कि ये सीटें स्थानीय सामाजिक और राजनीतिक कारकों के कारण चुनौती बनी हुई हैं। इन सीटों में रोहतक (हरियाणा) और बागपत (उत्तर प्रदेश) जैसी सीटें भी शामिल हैं, जहां से वर्तमान में भाजपा के सांसद हैं।

## कांग्रेस नेता अजय राय का विवादित बयान, कहा- अमेठी में लटके-झटके देकर चली जाती हैं स्मृति ईरानी

**सोनभद्र।** यूपी में अपना पुराना रुतबा फिर हासिल करने की जद्दोजहद कर रही कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा से सियासी लाभ उठाने की कोशिश में है। वहीं उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। प्रयागराज जोन के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज के चाचा नेहरू पार्क से यात्रा की शुरुआत की गई। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए

- उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई

अजय राय ने अमेठी लोकसभा सीट से सांसद स्मृति ईरानी को लेकर बड़ी बात कही। अजय राय ने कहा कि अमेठी में कल कारखाने बंदी के कगार पर पहुंच रहे हैं और स्मृति ईरानी आती हैं। लटके झटके देकर चली जाती हैं।



प्रेस वार्ता के दौरान अजय राय से लोकसभा अमेठी सीट से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह सीट गांधी परिवार की रही है। वहां से गांधी परिवार के चाहे राजीव गांधी, राहुल गांधी और अन्य लोग चुनाव लड़े हैं और यहां की सेवा की है।

उन्होंने कहा कि जगदीशपुर में ज्यादातर कल कारखाने लगे हैं. जहां आधे से ज्यादा बंद पड़े हैं। बड़े-बड़े उद्योग कंपनियां यहां बंदी के कगार पर हैं, इसके अलावा जीएसटी पर भी राय ने हमला बोला और कहा जीएसटी मतलब गब्बर सिंह टैक्स, उन्होंने कहा कि जिस तरह हिंदी फिल्म में गब्बर सिंह के नाम का स्लोगन था। वह अब रियल लाइफ में व्यापारियों में बैठ गया है और व्यापारी गब्बर सिंह के नाम से घबरा रहे हैं भाग रहे हैं। अजय राय ने कहा कि आगामी चुनाव में हम लोग मोदी को वाराणसी से हराने का भी काम करेंगे। यह हमारा चौलेंज है।

## बेंगलुरु में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के कॉलेज में सीबीआई की छापेमारी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डीके शिवकुमार के एक कॉलेज में सीबीआई ने छापा मारा है। डीके शिवकुमार ने खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई ग्लोबल एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी में छापेमारी कर रही है। शिवकुमार इस कॉलेज के चेयरमैन हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम ने सोमवार को कॉलेज के अधिकारियों से पूछताछ की। बता दें, कांग्रेस नेता शिवकुमार की बेटी ऐश्वर्या ग्लोबल एकेडमी ऑफ टेक्नोलॉजी की ट्रस्टी सचिव हैं और उनकी पत्नी भी कॉलेज के ट्रस्ट की सदस्य हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वे वहां क्यों गए। मुझे सिर्फ इतना पता है कि वे आए और हमारे ट्रस्टी और कर्मचारियों से मिले। मुझे नहीं पता कि उन्होंने उनसे क्या पूछताछ की। एनईएफ ट्रस्ट के खिलाफ कोई मामला भी नहीं है और वह स्थिति का सामना करेंगे।

### पेट्रोल-सीएनजी-डीजल को लेकर सरकार पर दागे सवाल

# बढ़ती महंगाई पर जमकर बरसे राघव चड्ढा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार के सामने बढ़ती महंगाई एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। बीते कुछ सालों से जनता की जेब का बजट बिगड़ा हुआ है। विरोधी दल महंगाई के मुद्दे पर सरकार को लंबे समय से घेरते चले आ रहे हैं। आज सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने भी महंगाई के मुद्दे पर सदन में सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने

- महंगाई के मुद्दे पर सरकार को लंबे समय से घेरते चले आ रहे
- निर्मला सीतारमण से आम जनता की थाली के बिगड़ते बजट को लेकर कई सवाल पूछ
- डीजल-सीएनजी के साथ घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बड़ा उछाल आ चुका



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से आम जनता की थाली के बिगड़ते बजट को लेकर कई सवाल पूछे। केंद्र और भाजपा पर हमेशा हमलावर रहने वाले आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा 2014 में सत्ता में आई थी। तब से महंगाई का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक पेट्रोल-डीजल-सीएनजी के साथ घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में बड़ा उछाल आ चुका है।

राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा जब सरकार में आई तो पेट्रोल 55 रुपये प्रति लीटर बिकता था। आज पेट्रोल की कीमत बढ़कर 100 रुपये प्रति लीट हो गई है। वैसे ही 45 रुपये प्रति लीटर बिकने वाला डीजल 90 रुपये का हो गया है. जो घरेलू गैस सिलेंडर 400 रुपये का बिकता था आज उसकी कीमत 1100 रुपये हो गई है। 36 रुपये प्रति लीटर का दूध आज 60 रुपये प्रति लीटर की रेट से बिक रहा है। 40 रुपये प्रति किलो की सीएनजी अब 80 रुपये की हो गई है। राघव चड्ढा ने निर्मला सीतारमण पर हमला बोलते हुए कहा कि जब सदन में वित्त मंत्री से प्याज (100 रुपये प्रति किलो) की बढ़ती कीमतों पर सवाल किया गया था तो उन्होंने कह दिया था कि वे प्याज नहीं खातीं। उन्हें प्याज के रेट के बारे में नहीं पता है। चड्ढा ने कहा कि वित्त मंत्री प्याज भले न खाती हों, लेकिन आटा, चावल, दाल, दूध, दही, पनीर तो जरूर खाती होंगी. इन सब की कीमतें आसमान छू रही हैं। थाली का बजट बिगड़ा हुआ है।

### अखिलेश बोले- इरफान को झूठे मुकदमे में फंसाया

**कानपुर।** कानपुर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जिला कारागार में बंद विधायक इरफान सोलंकी से आधा घंटे तक बात की। इसके बाद जेल के बाहर पत्रकारों से कहा कि विधायक इरफान को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। इरफान ने कोई गलत काम नहीं किया। लेकिन एक के बाद एक मुकदमा लादा जा रहा है जिससे वह बाहर न आ पाएं। यह साजिश है। पुलिस ने उनका फर्जी आधार कार्ड बनाया है। इसके साथ ही अखिलेश ने आंदोलन छेड़ने का भी एलान किया। सरकार ने अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया है। कानपुर देहात में बलवंत सिंह की पुलिस अभिरक्षा में मौत के मामले में उन्होंने कहा कि प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 व 27 दिसंबर को

**लखनऊ।** लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 26 व 27 दिसंबर, 2022 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। प्रतियोगिता में अंडर-16 बालक व बालिका और अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग में स्पर्धाएं होंगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि प्रतियोगिताशिप में भाग लेने के इच्छुक एथलीटों को अपना आधार कार्ड साथ में लाना होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंडर-16 आयु वर्ग में 15-01-2007 से 14-01-2009 के मध्य और अंडर-14 आयु वर्ग में 15-01-2009 से 14-01-2011 के मध्य उम्र होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित लखनऊ जिला टीम आगामी 12 जनवरी से 14 जनवरी, 2023 तक पटना में होने वाली आल इंडिया अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।चौंपियनशिप के बारे में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरुण (9415027942) से संपर्क कर सकते है।

### 'जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग' पर कार्यशाला

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के एडवांस्ड सेंटर फॉर विमेन स्टडीज द्वारा 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे यूजीसी-एचआरडीसी में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला 'जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग' का शुभारंभ होगा। अजरा मूसवी (निदेशक, उन्नत महिला अध्ययन केंद्र) ने बताया कि उद्घाटन समारोह में अलीगढ़ के जिलाधिकारी श्री इंदर विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। एएमयू के कुलपति प्रो. तारिक मंसूर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि प्रो. जाकिया ए. सिद्दीकी (संस्थापक निदेशक, उन्नत महिला अध्ययन केंद्र) सम्मानित अतिथि होंगी।

### आफताब हॉल में जेंडर सेंसिटिविटी पर वर्कशॉप का आयोजन

**अलीगढ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आफताब हॉल में 'कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013' के कार्यान्वयन और लैंगिक संवेदनशीलता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि, अरशद हुसैन (संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक और समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, एएमयू) ने कहा कि एक स्वस्थ संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संगठनों को कौशल के सही मिश्रण पर विचार करना चाहिए और लैंगिक भेदभाव से बचना चाहिए। इस संबंध में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए लैंगिक समानता और लैंगिक संवेदनशील वातावरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।सैयद मुहम्मद तल्हा (कार्यवाहक प्रोवोस्ट) ने स्वागत भाषण दिया। डॉ लामे बिन साबिर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भारत-फारसी इतिहास लेखन' पर कार्यशाला

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एडवांस्ड स्टडी, इतिहास विभाग ने 'इंडो-फारसी हिस्टोरियोग्राफी' पर एक सप्ताह तक चलने वाली कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें विशेषज्ञों ने ग्यारह अलग-अलग सत्रों में 25 व्याख्यान दिए और इतिहास लेखन में मध्यकालीन भारत का फारसी स्रोतों पर चर्चा की। प्रो. गुलफिंशान खान (अध्यक्ष और समन्वयक, उन्नत अध्ययन केंद्र, इतिहास विभाग) ने कहा भारत के फारसी ऐतिहासिक ग्रंथ भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे समृद्ध विद्वानों की परंपराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि शोध छात्रों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे खुद को मूल और भारत-फारसी इतिहास-लेखन के विकास को भारतीय परिवेश में इतिहास-लेखन की प्रक्रिया में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों के द्वारा समझा जा सके। उन्होंने अभिलेखीय स्रोतों, पांडुलिपियों और इतिहास, कविता, जीवनी, भूगोल, विश्वकोशों, टिप्पणियों और संस्कृत कार्यों के महत्वपूर्ण अनुवादों के प्रकाशित ग्रंथों पर भी चर्चा की। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को पांडुलिपियों को समझने के तरीके, विभिन्न पांडुलिपियों की तुलना करने और पाठ्य मुद्दों को समझने जैसे विषयों से परिचित कराया। प्रतिभागियों को भारत-फारसी इतिहासलेखन की विस्तृत श्रृंखला, बहुआयामी व्याख्याओं, सल्तनत काल के इतिहासकार जियाउद्दीन बरनी के तारिख फिरोज शाही के इतिहास और बादशाह नामा की पांडुलिपियों, शाहजहाँ के शासनकाल के आधिकारिक इतिहास, मुगल चित्रों और सुलेख की विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया जाएगा।

### युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन, समाज कल्याण विभाग ने मांगे आवेदन

**अयोध्या।** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार करने के लिए समाज कल्याण विभाग 5 योजनाओं में लोन दे रहा है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने आवेदन मांगे हैं। रोजगार योजना में उद्योग, व्यवसाय, पशुपालन और दुकान बनाने के लिए लोन दिया जाएगा। इसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय रोजगार योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अपना व्यवसाय करने के लिए लोन देर रहे हैं। इसमें 20 हजार से 15 लाख तक के प्रोजेक्ट के लिए 10 हजार अनुदान दिया जाएगा। उससे ज्यादा की परियोजना लागत में 10 हजार अनुदान व 25 प्रतिशत मार्जिन मनी ऋण तथा शेष बैंक ऋण होगा। उद्योग सेवा जैसे इलेक्ट्रिक पार्टस की दुकान, ई-रिक्शा, मोबाइल रिपेअर, टेलरिंग, परचून की दुकान और पशुपालन में भैंस पालन व बकरी पालन के लिए आवेदन कर सकते हैं। दुकान निर्माण योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास 13.34 वर्ग मीटर जमीन होनी चाहिए। लांड्री एवं ड्राइक्लीनिंग योजना, सिलाई योजना और के अंतर्गत भी ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बैंकिंग कौरेसपौंडेंट में 65 प्रतिशत ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। बैंकिंग कौरेसपौंडेंट योजना में अनुसूचित जाति के बेरोजगारों के लिए संचालित है। इसके लिए लाभार्थी को 12वीं पास और कंप्यूटर का ज्ञान होना होना अनिवार्य है।

### 5 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत,पशु स्वास्थ्य प्रबंधन पर दी गई जानकारी

**अयोध्या।** मिल्कीपुर के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु आनुवांशिकी एवं प्रजनन विभाग की ओर से पशु स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के समिति कक्ष में किया गया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों की आय का प्रमुख स्रोत पशुपालन है। इसकी शुरुआत पशुओं के स्वास्थ्य की उचित देखभाल और प्रबंधन के साथ शुरू होता है। पशुओं के बीमार होने से दुग्ध उत्पादन सबसे अधिक प्रभावित होता है। पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए प्रतिदिन उनकी देखभाल करना चाहिए। डा. बिजेंद्र ने कहा कि स्वस्थ पशुओं को संक्रमित पशुओं के संपर्क में नहीं आने दें और बाड़े में ज्यादा भीड़ नहीं होने दें। निदेशक प्रसार प्रोफेसर एपी राव ने कहा कि पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए उनकी नाद को रोजाना साफ करते रहना चाहिए और पुराने चारे को हटाकर नया चारा डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि संक्रमण से पशुओं को बचाने के लिए हमेशा स्वस्थ पशुओं के बाद ही बीमार जानवरों का दैनिक कार्य करना चाहिए। पशुपालक पशुओं का टीकाकरण समय पर अवश्य कराएं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह रहे व नोडल प्रभारी डा. मनोज वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.वी.के पाल ने किया। इस अवसर पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, वैज्ञानिक, किसान व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### कोहरे के साथ बढ़ी ठंड, प्रशासन ने नहीं की अलाव की व्यवस्था

**अयोध्या।** एक ओर क्षेत्र में ठंड बढ़ने लगी है। दूसरी ओर सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। एक पखवारे पूर्व मौसम ठीक था सुबह 6रू00 बजे ही धूप निकल रही थी। जिसको देखते हुए लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस बार ठंड नहीं होगी। लेकिन, पूर्वी हवाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया और देखते ही देखते अचानक कोहरे के साथ ठंड बढ़ गई। मिल्कीपुर क्षेत्र में अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोगों को रात के अलावा के साथ-साथ गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह 9रू00 बजे के बाद धूप से कुछ राहत लोगों को मिल रही है। शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है।जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है।

# ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने सौर ऊर्जा एवं जैव ऊर्जा नीति-2022 की प्रगति की समीक्षा

## परम्परागत ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों, वेन्डर्स को प्रोत्साहित करने के लिए ई-पत्र जारी करने के दिये निर्देश

**सौर ऊर्जा एवं जैव ऊर्जा नीति के तहत निवेश बढ़ाने के लिए नोडल आफीसर नियुक्त किये गये**

**अतिरिक्त ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने से लोगों की आर्थिक दशा एवं रोजगार सृजन में होगी वृद्धि**

**मंत्री ने सौर ऊर्जा एवं जैव ऊर्जा में 50 हजार करोड़ के निवेश का लक्ष्य किया निर्धारित**

**बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सौर ऊर्जा की इकाईयों की स्थापना का बेहतर विकल्प**

**ग्रीन हाइड्रोजन नीति के प्रस्ताव को शीघ्र तैयार करने के दिये निर्देश**



संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा नीति-2022 एवं जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत निवेश को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र के देश-विदेश के निवेशकों एवं वेन्डर्स को प्रोत्साहित व आकर्षित करने के लिए उनसे सीधे सम्पर्क स्थापित किया जाये। नेडा की वेबसाइट से उनके मेल पर ई-पत्र भेजे जाए। उन्होंने कहा कि उनसे लगातार सम्पर्क स्थापित करने के लिए हर प्रोजेक्ट के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाये और उनका विवरण भी पोर्टल पर दर्ज किये जायें। उन्होंने कहा कि लोगों की आर्थिक दशा सुधारने एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए अतिरिक्त ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने का प्रयास किया जाए। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में इस क्षेत्र का भी बहुत बड़ा योगदान होगा।

ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने आज अपराह्न 01:30 बजे यूपीनेडा के मुख्यालय में सौर ऊर्जा एवं जैव ऊर्जा नीति-2022 की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने के प्रयासों पर भी चर्चा की और इससे संबंधित प्रस्तुतीकरण भी देखा। सिंगल विन्डो पॉलिसी के अंतर्गत निवेशकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाये गये सोलर एनर्जी एवं बायो एनर्जी पोर्टल का प्रस्तुतीकरण भी देखा। उन्होंने कहा कि नीति के तहत प्रदेश के 40 हजार करोड़ रूपये निवेश के लक्ष्य को 10 हजार और बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रूपये निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया जाए और इसको प्राप्त करने के भी प्रयास किये जाए। उन्होंने रणनीति बनाकर कार्य करने तथा व्यवहार कुशल बनने को कहा। अगले माह जनवरी में निवेशकों की समस्याओं को समझने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए लखनऊ में इन्वेर्स्ट मीट आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि बड़ी कम्पनियों से वीडियो कान्फ्रेसिंग करके भी नीतियों एवं प्रदेश की स्थिति के बारे में जानकारी दें और इसके फायदे भी बतायें। इससे निवेशकों में प्रदेश में निवेश के लिए विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन पालिसी के प्रस्ताव को शीघ्र तैयार करने के भी निर्देश दिये। श्री ए0के0 शर्मा ने सोलर रूफ टाप के लक्ष्य को शीघ्र ही शत-प्रतिशत पूरा करने और उपभोक्ताओं को नेट मीटरिंग का लाभ देने के लिए यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी सरकारी इमारतों में सोलर पैनल लगाने पर कार्य कर रही है। साथ ही मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा एअरपोर्ट के खाली जगहों पर भी सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिये गये हैं, इस पर भी तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 17 शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए शीघ्र इसका डीपीआर बनाकर इस पर कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही अयोध्या, बनारस, लखनऊ एवं गाजियाबाद में आगामी महीनों में जी-20 की बैठकें आयोजित होने पर इन शहरों में विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में नेडा के निदेशक श्री अनुपम शुक्ला ने बताया कि जैव ऊर्जा में 350 करोड़ रूपये तथा सौर ऊर्जा में 15 हजार करोड़ रूपये कुल 18 हजार 500 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जैव ऊर्जा नीति के तहत अब तक 400 निवेशकों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 80 से ज्यादा आमंत्रण प्राप्त हो गये हैं।

## करनैलगंज कोतवाली में सीज किए ट्रक से सामान चोरी, पुलिस ने तहरीर लेने से किया इनकार

**गोण्डा।** कर्नलगंज क्षेत्र में एक के बाद एक बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। जिसके बाद भी पुलिस कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जिसका नतीजा अब और खतरनाक होने लगा है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि चोरों ने अब कोतवाली को ही अपना निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पुलिस के द्वारा सीज किए गए ट्रक से सामान चोरी कर चोरों ने पुलिस को ही चुनौती दे दी।




लेकिन उसके बाद भी पुलिस अभी अलर्ट नहीं हो रही है। जिसके कारण एक के बाद एक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। घटना कर्नलगंज कोतवाली परिसर का है। जहां पुलिस ने खनन के मामले में एक ट्रक को सीज कर कोतवाली परिसर में खड़ा कर दिया। जिसके बाद ट्रक के मालिक ने ट्रक को छुड़ाने के लिए पेनाल्टी तथा विधिक कार्रवाई करनी शुरू कर दी। लेकिन जब तक ट्रक को रिलीज कराया जाता है उससे पहले क्षेत्र के चोरों ने पुलिस को कड़ी चुनौती देते हुए कोतवाली परिसर में खड़े ट्रक से लोहे के टूल्स व अन्य सामान पर हाथ साफकर दिया। जिसकी जानकारी ट्रक मालिक को होने पर उसने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस कार्रवाई के बजाय मामले से ही इंकार करती दिखाई दी।

जिसको लेकर खजुआ देवीतलमहा गांव के निवासी ट्रक मालिक दीपक सिंह पुत्र भगवान बक्स सिंह ने घटना की जानकारी देकर पुलिस से मदद की गुहार भी लगाई है।

लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाली परिसर में हुई चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने इसकी शिकायत जब पुलिस से की तो पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टा पीड़ित को ही भगा दिया। यही नहीं पुलिस ने कहा कि कोतवाली परिसर से कौन चोरी करेगा, जिसके बाद अब पीड़ित अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। घटना के बारे में क्षेत्राधिकारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि बैनामा में घोटाला पर अंकुश को आधार लिंक की व्यवस्था

**गोण्डा।** जिले में भूमि बैनामा घोटाला उजागर होने के बाद अब बैनामा घोटाले पर अंकुश के लिए शासन ने नई व्यवस्था बनाई है। बैनामा घोटाले में शासन ने जिले के सहायक महानिरीक्षक स्टांप वर्तमान मनोज कुमार श्रीवास्तव व पूर्व में रहे अरूण कुमार मिश्र के साथ ही उप रजिस्टार सुधा यादव व मुखराम सिंह को निलंबित किया। अब शासन ने रजिस्ट्री में भू-संपत्ति को आधार से लिंक करने की व्यवस्था दी है। शासन ने यह व्यवस्था बैनामों में घोटाला रोकने के लिए लागू किया है। शुक्रवार को शासन से जारी आदेश से अब आने वाले दिनों में बैनामो में आधार को लिंक करने की प्रक्रिया क्रेता-विक्रेता व गवाहों की सहमति से होना है। भू-संपत्ति के दस्तावेज के रजिस्ट्री करण की प्रक्रिया में पक्षकारों की पहचान, उनकी सहमति से किये जाने के लिए आधार प्रमाणीकरण होगा। स्टांप एवं रजिस्ट्री विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी ने भेजे आदेश में निर्देश दिया है कि व्यवस्था को लागू करने के बारे में विस्तृत प्रक्रिया महानिरीक्षक स्तर से जारी होगी। फिलहाल जिलों में इस नई व्यवस्था को लागू करने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

## जालनेवा हमले के आरोप से सांसद बृजभूषण सिंह बरी, 3 अन्य आरोपी भी दोषमुक्त

**गोण्डा।** भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह 1993 में विनोद कुमार सिंह ऊर्फ पंडित सिंह पर हुये जानलेवा हमले के आरोपों से बरी हो गए हैं। मामले में आज उन्हें कोर्ट ने दोषमुक्त करारा दिया है। बृजभूषण शरण सिंह के साथ 3 अन्य आरोपी भी दोषमुक्त किए गए हैं। बतातें चलें कि पूर्व काबीना मंत्री पंडित सिंह की भी मौत हो चुकी है। उनपर वर्ष 1993 में जानलेवा हमला हुआ था। जिसका आरोप वर्तनामान भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह, देवदत्त सिंह, ज्ञान सिंह और पहलवान सिंह पर लगा था।

पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में एक आरोपी देवदत्त सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है। जस्टिस जितेंद्र गुप्ता की अदालत ने आज बाकी बचे आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। फैसले के बाद सांसद ने कहा कि आज 29 साल पुराने मामले में मैं दोषमुक्त हुआ हूं। देश की अदालत पर मुझे न्याय का भरोसा था।

### कोहरे के कारण पलटी निजी बस, बाल-बाल बचे चालक व परिचालक

**गोण्डा।** घने कोहरे के चलते सोमवार को राजगढ़ गांव से चलने वाली एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर दुबहा बाजार पुल के पास पलट गई। सुबह सड़कों पर आवागमन कम होने के कारण जानमान की क्षति नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस चालक व परिचालक के अलावा बस में कोई नही था। चालक व परिचालक को हल्की चोटें आई हैं। बस चालक मुन्ना लाल पंडित ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब घने कोहरे के बीच दो महिलाएं सामने आ गई जिन्हें बचाने के लिए बस पुल के आगे तीव्र मोड़ पर सड़क से नीचे जाकर पलट गई। हालांकि बस मे कोई यात्री नही था।

## लॉ सोसायटी द्वारा आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में टीम जेएसआर 111 ने जीत हासिल की

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लॉ की ला सोसाइटी के मूट कोर्ट सेल के तत्वाधान में 'प्रोफेसर हफीजुर रहमान इंट्रा-फैकल्टी मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2022' का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष मुदगल, प्रिंसी भारद्वाज और खुशी तोमर की टीम जेएसआर 111 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि टीम जेएसआर 101 जिसमें सैयद कुतबी रजा और नौमान कासिम शामिल थे, दूसरे स्थान पर रही। उज्जवल सिन्हा (एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट), फहम अहमद खान (अध्यक्ष, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट लॉ सोसाइटी) और अमान आलम




(लीगल स्कॉलर, चौंबर्स ऑफ जस्टिस कृष्ण मुरारी, सुप्रीम कोर्ट) के जजों के एक पैनल ने मूट कोर्ट में दलीलें सुनीं और नतीजे घोषित किये। आदित्य भट्टाचार्य, भूमिका मित्तल और मोहम्मद बिलाल की टीम जेएसआर 11 ने सर्वश्रेष्ठ स्मृति पुरस्कार हासिल किया। फातिमा जैनब को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता और कुणाल शर्मा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में बोलते हुए प्रो. मुहम्मद तारिक (प्रभारी, लॉ सोसाइटी) ने कहा कि कानून के छात्रों के बीच आत्मविश्वास, बोलने और लिखने के कौशल और अनुसंधान कौशल विकसित करने के लिए मूटिंग बहुत प्रभावी है।

## पत्नी ने पति को बांके से काट डाला,रात में शराब पार्टी के दौरान हुआ विवाद

**बाराबंकी।** जिले में एक बेहद ही सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक दंपति ने अपने रिश्तेदारों के साथ घर पर ही रातभर शराब पार्टी की। इस दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, तो नाराज पत्नी ने पति को बांके से काट डाला। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य रिश्तेदारों को भी हिरासत में लिया गया है। माना जा रहा है कि पार्टी के दौरान पति ने पत्नी के ऊपर रिश्तेदारों के सामने कोई कमेंट किया था। जो पत्नी को पसंद नहीं आया।

**पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया**

**अन्य रिश्तेदारों को भी हिरासत में लिया गया**

पूरी वारदात बाराबंकी में कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम पीरपुर गांव की है। जहां विनय राज (27) और उसकी पत्नी राधा ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर रविवार रातभर घर पर ही शराब पार्टी की। शराब पार्टी में पति-पत्नी दोनों ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर जमकर शराब पी। इसी दौरान पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

फिर पार्टी खत्म होने के बाद सभी रिश्तेदार अपने-अपने घर चले गए, लेकिन उस कहासुनी से पत्नी राधा इतनी नाराज हो गई कि उसने तड़के सुबह अपने पति विनय राज की बांके से ताबड़तोड़ हमलाकर हत्या कर दी। कुछ देर बाद पत्नी राधा ने खुद गांव वालों से चिल्ला-चिल्लाकर कर इस वारदात के बारे में बताया।मृतक विनय राज लखनऊ जनपद में एक टेंट हाउस में मजदूरी करता था। शुक्रवार शाम ही वह घर आया था। उसकी शादी करीब 10 साल पहले राधा के साथ हुई थी। दोनों की दो संतानें शिवा और नीलम हैं। हत्या की सूचना पाकर मौके पर एसपी दिनेश कुमार सिंह पहुंचे। डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### एएमयू छात्रों का चयन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के आठ एमबीए-फाइनेंशियल मैनेजमेंट के छात्रों को ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस जनरल के भर्ती अभियान के दौरान रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चुना गया है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर जनरल साद हमीद ने बताया कि चयनित छात्रों में मुहम्मद इंतखाब खान, भुवनेश कुमार, शिफा सिद्दीकी, मंतशा आफ्ताब, मुहम्मद बिलाल, ऋतिक वार्ष्णेय, शहबाज अहमद और गुनिशा शामिल हैं। वहीं आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग और कंसल्टेंसी कंपनी 'रामबूल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' ने जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान इंजीनियरिंग के छह छात्रों का चयन किया है। कॉलेज के प्रशिक्षण एवं नियोजन अधिकारी मुहम्मद फरहान सईद ने बताया कि चयनित छात्रों में विधि वर्मा (बी.टेक. इलेक्ट्रिकल), मुहम्मद अयान (बी.टेक. इलेक्ट्रिकल), मुहम्मद अब्दुल्ला (बी.टेक. इलेक्ट्रिकल) प्रिंस सैनी (बी.टेक. मैकेनिकल), हर्षित वार्ष्णेय (बी.टेक. मैकेनिकल) और सैयद मुहम्मद नबील (बी.टेक.मैकेनिकल) शामिल हैं।

# शिक्षा ही हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य का जिम्मेदार: तारिक रशीद

**मोस्ट फेमस साइंटिस के सूचि में हिन्दुस्तान से शामिल किया गया**

**किंग जार्ज मेडिकल कालेज में उनकी सेवाओं को देखते हुए उनको भी ऐजाज से नवाजा गया**

संवाददाता

**लखनऊ।** इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया में एक भव्य समारोह ''ए टॉक विद मौलाना तारिक रशीद'' हुई। जिसमें अमेरिका के वर्तमान शैक्षिक, सामाजिक व देश के हालात पर विस्तार से मौलाना तारिक रशीद फरंगी महली अध्यक्ष इस्लाकि सेन्टर आफ आरलैण्डो (अमेरिका) ने अपने विचारों को प्रकट किया। इस अवसर पर डा0 इक्तिदार हुसैन फारूकी जिनको दी मोस्ट फेमस साइंटिस के सूचि में हिन्दुस्तान से शामिल किया गया है और जिन की नबातात कुरान पर कई पुस्तकें हैं को उनकी साइंस के छेत्र में उनकी सेवाओं के लिए एजाज से नवाजा गया। प्रो0 डा0 अब्बास अली मेंहदी जिनको स्टेफर्ड विश्वविद्यालय (अमेरिका) ने दुनिया के दो प्रतिशित प्रख्यात साइंस दोनों में शामिल किया है और एरा मेडिकल कालेज और किंग जार्ज मेडिकल कालेज में उनकी सेवाओं को देखते हुए उनको भी ऐजाज से नवाजा गया। समारोह में शहर के गढ़मान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। जिसका संचालन और मेहमानों का स्वागत मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने किया। इस अवसर पर एक मुशायरा का आयोजन भी हुआ। जिसका संचालन सै0 अतहर नबी ने किया और कलीम शिकोह, तारिक कमर, मो0साहिल और नदीम अशरफजाइसी ने अपना कलाम पेश किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मौलाना तारिक रशीद फरंगी महली ने कहा कि हम सब के लिए खुशी की बात है कि अमेरिका में हिन्दुस्तानियों ने शिक्षा के मैदान में बहुत तरक्की की है जिसके प्ररिणाम में व्हाइट हाउस से लेकर नासा गूगल, व्हाटस् एप और अन्य संस्थानों और कम्पनियों में उच्च पदों पर हैं और देश का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उस देश में वहॉ के नागरिकों को पूरी आजादी प्राप्त है जिसकी वजह से मुसलमानों ने हर सूबे में अपने इस्लामिक सेन्टरर्ज, मस्जिदों, मदरसों और स्कूलों को कायम किया है। मौलाना ने कहा कि हमारी संस्थाने भी स्कूल कायम किये है जिसमें बच्चों को दीनी शिक्षा के साथ दुनियावी शिक्षा भी दी जा रही है। इसी के साथ साथ हिफ्ज कुरान का नज्म है और एक खुशी की बात यह है कि वहॉ मुसलमानों में अपने बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ हाफिज बनाने का भी बहुत शौक है। समारोह को सम्बोधित करते हुए तारिक रशीद फरंगी महली ने कहा कि वहॉ फ्लोरेडा विश्वविद्यालय जिसमें 72 हजार छात्र व छात्रायें शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस विश्वविद्यालय में हमने इस्लामिक विभाग कायम किया है जिसमें बड़ी संख्या में हर धर्म के बच्चे लाभ उठा रहे हैं।

उन्होने कहा कि जरूरत इस बात की है कि हमारे देश में भी मुसलमानों को दुनियावी और दीनी शिक्षा बड़े पैमाने पर प्राप्त करें और अपनी शैक्षिक संस्था हर शहर में कायम करके देश व कौम को तरक्की की राह पर ले जायें क्योंकि शिक्षा ही हमारे बच्चों को अच्छा भविष्य दे सकती है। डा0 इक्तिदार हुसैन फारूकी ने तारीख के हवाले से कहा कि शरू में मुसलमानों ने शिक्षा को अपनाया तो दुनिया को मेडिसिन, साइंस का उपहार दिया और यही वजह है कि मुस्लिम सांइसदानों ने दुनिया को साइंसी विषय दिया जिसके परिणाम में जब यूरोप और अमेरिका जब अशिक्षित थे तो उसी समय अरब दुनिया में साइंस का बोल बाला था। प्रो0 वसीम अखतर संस्थापक चॉस्लर इंटिगरल विश्वविद्यालय ने अमेरिका में मौलाना तारिक रशीद फरंगी महली की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरत इस बात की है कि अभिभावक 100 प्रतिशत अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलायें।

## संक्षिप्त समाचार

### मण्डलायुक्त ने स्मार्ट सिटी के तहत हेरिटेज कॉरिडोर को लेकर की बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में लखनऊ स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत हेरिटेज कॉरिडोर (कैसरबाग चौराहे से परिवर्तन चौक व परिवर्तन चौक से घण्टाघर तक के निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, सचिव हुसैनाबाद ट्रस्ट, क्षेत्रीय पयर्टन अधिकारी, सचिव रूमी फाउन्डेशन सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि फसाद लाइटिंग हेरिटेज बिल्डिंगों, छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, रूमी गेट, घण्टाघर स्थानों पर फसाद लाइटिंग लगायी जानी है। मण्डलायुक्त ने बेगम हजरत महल पार्क, ग्लो पार्क, पर्यटन सुविधा केन्द्र, पार्क में बैठने हेतु बेंच, पीने का पानी, फाउन्टेन, डस्टबिन के सुदृर्यीकरण को लेकर विचार-विमर्श किया। मण्डलायुक्त ने कैसरबाग हेरिटेज पैलेस के सौन्दर्यीकरण को लेकर सम्बन्धित द्वारा जानकारी उपलब्ध करायी गई। उन्होंने कहा कि जो भी खराब फसाद लाइटें है उन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये। अमीरूदौला लाइब्रेरी के छत का मरम्मत, स्टोरेज, फाउन्टेन मरम्मत, शौचालय निर्माण कार्य, कैन्टीन निर्माण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त कार्य कराया जाना अतिआवश्यक है।

### एलेवेटर पिच-बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ।** आईआईएलएम एकेडमी ऑफ हायर लर्निंग, लखनऊ की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कार्उसिल ने 12 से 19 दिसंबर के दौरान एलेवेटर पिच-बिजनेस प्लान प्रतियोगिता का आयोजन किया। 3 कठिन राउंड के बाद 19 दिसंबर को शीर्ष 3 टीमों को टीफ्लिो प्रा0 लि0 के सीईओ एवं मालिक मि0 सूरज यदुवंशी, निदेशक डॉ0 नायला रूश्दी, डीन डॉ0 शीतल शर्मा द्वारा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। डॉ. सचिन श्रीवास्तव, आई.क्यू.ए.सी. के प्रमुख, ने सभी विजेताओं एवं प्रतियोगियों को बधाई दी। प्रतिस्पर्धा समन्वयक डॉ0 नेहा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों और फैकल्टी मेन्टर्स का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### शिया कॉलेज में पीपीडीसी द्वारा रोजगारपरक पाठ्यक्रम का उद्घाटन

**लखनऊ।** सोमवार को शिया पीजी कॉलेज, सीतापुर रोड में एम.एस.एम.ई-तकनीकी विकास केंद्र (पीपीडीसी) फाउंड्री नगर, आगरा, द्वारा रोजगारपरक पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनाब मौलाना यासूब अब्बास साहब, सचिव, मजलिस-ए-उलेमा, जी ने छात्रों को उनके बेहतर भविष्य के लिए कौशल विकास और नौकरी उन्मुख पाठ्यक्रमों के लिए प्रेरित किया, उन्हें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के बारे में भी बताया। इस उद्घाटन में शिया पी0 जी0 कॉलेज के प्रबंधक, सै0 अब्बास मुर्तुजा शम्सी साहब, प्रोफेसर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रो0 एस.एस. रजा बाकरी, समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0, डॉक्टर एम.एम. अबू तय्यब, प्रोफेसर नूरुल हसन, प्रो0 अंजुम अबरार, विभागाध्यक्ष वाणिजय, डॉ0 शबी रजा, डॉ0 अंबरीश, प्रो0 शुजात हुसैन, डॉ0 कीर्ति प्रकाश तिवारी, डॉ0 मीसम मुबारक, डॉ0 सै0 कासिम अब्बास, डॉ0 शबी रजा, तथा एमएसएमई- तकनीकी विकास केंद्र से ऋषभ मिश्रा, प्रशिक्षण समन्वयक, राजीव श्रीवास्तव, विद्यांशी मिश्रा, समन्वयक मौजूद रहे।

### एक करोड़ की लागत से बने बरातघर हो गए खंडहर

**बहराइच।** एक करोड़ से अधिक की लागत से मिहींपुरवा विकास खंड के 12 ग्राम पंचायतों में बने बरातघर खंडहर बन चुके हैं। इनमें उगी झाड़ियों में सांप-बिच्छुओं ने अपना बसेरा बना लिया है, वहीं कुछ में लोग अपने जानवार बांध देते हैं। अब यहां लोग अपने मांगलिक कार्यक्रम इधर-उधर या खेतों में करने को मजबूर हैं।जिले के विकासखंड मिहीपुरवा के एक दर्जन ग्राम पंचायतों में शासन की ओर से एक करोड़ से अधिक की लागत से करीब एक दशक पूर्व 12 बरातघरों का निर्माण कराया था। इन बारात घरों के निर्माण में 12 से 15 लाख प्रति बरातघर के खर्च की लागत आई थी। बरातघरों के निर्माण होने से ग्राम पंचायतों के लोग यहां विवाह, निकाह, मुंडन संस्कार, जन्मदिन आदि मनाते थे। बरातघरों की देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायतों के सचिवों पर थी। ग्राम पंचायतों में बरातघर स्थापित हो जाने से ग्राम पंचायतों की करीब 60 हजार से अधिक की आबादी को लाभ मिल रहा था, लेकिन धीरे-धीरे बरातघर देखरेख के अभाव में जर्जर होने लगे। ग्राम प्रधानों व ग्राम पंचायतों के सचिवों की उदासीनता शासन की ओर से निर्माण कराए गए बरातघरों पर भारी पड़ने लगी। हालात यह है कि लाखों की लागत से निर्माण कराए गए बरातघर मांगलिक कार्यक्रमों से बजाए निजी कार्यों में प्रयोग होने लगे। ग्राम पंचायतों के कुछ दबंगों ने यहां अपना कब्जा कर शराब व जुए का अड्डा बना लिया है। बरातघरों की साफ-सफाई व देखरेख न होने से उसके आसपास कांटेदार झाड़ियां उग आई हैं। इसमें भी सांप व बिच्छुओं ने अपना बसेरा बना लिया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत के कुछ लोग बरातघरों में गाय व भैंसों को बांध रहे हैं। जर्जर हो चुके बरातघरों को दुरुस्त कराने में जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं।

### वाराणसी रूट पर बढ़ेंगी बसें, सफर होगा आसान

**बहराइच।** वाराणसी के लिए इंटरसिटी ट्रेन का संचालन बंद होने से यात्रियों को मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसको ध्यान में रखकर परिवहन विभाग ने वाराणसी रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। बहराइच से गोंडा वाया वाराणसी रूट पर बस की संख्या में इजाफा होने पर यात्रियों को घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसे लेकर विभाग की ओर से मंथन किया जा रहा है। जिले को बहराइच से वाराणसी के लिए बीते 22 अगस्त से इंटरसिटी की सौगात मिली थी। बहराइच सांसद अक्षयवरलाल गोंड ने इंटरसिटी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। ट्रेन का संचालन हो जाने से इस रूट पर यात्रियों को काफी सहूलियत मिलने लगी थी, लेकिन एक माह संचालन के बाद ट्रेन को बंद कर दिया गया था। हालांकि रेल प्रशासन की ओर से कुछ दिनों के बाद पुनः ट्रेन का संचालन कर दिया गया था। अब बीते दो दिसंबर को कोहरे को देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से तीसरी बार इंटरसिटी एक्सप्रेस का संचालन पुनः बंद कर दिया गया। इससे इस रूट के यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें जिले के रोडवेज बस अड्डे से महज एक बस का संचालन वाराणसी के लिए किया जा रहा है। जबकि एक बस जौनपुर डिपो के लिए संचालित हो रही है। ऐसे में अब वाराणसी तक संचालित इंटरसिटी एक्सप्रेस बंद होने से यात्रियों को बसों के इंतजार में घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। निगम प्रशासन की ओर से ट्रेन के संचालन बंद होने के मामले को संज्ञान में लेते हुए इस रूट पर बसों की संख्या बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। रोडवेज प्रशासन की मानें तो जल्द ही बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। रोडवेज प्रशासन के निर्णय से इस रूट के यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

### उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम 2022 को लागू किया गया है। इस अधिनियम के माध्यम से अग्निशमन व आपात सेवा के उपायों को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विस बिल, 2019 के प्राविधानों को उत्तर प्रदेश में लागू किये जाने के संबंध में 'उत्तर प्रदेश फायर एण्ड इमरजेंसी सर्विसेज अधिनियम-2022' के आलेख को स्वीकृति प्रदान की गयी है। ज्ञातव्य है कि सम्पूर्ण भारत में फायर सर्विस अधिनियम में एकरूपता लाये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा मॉडल फायर सर्विस बिल 1958 एवं संशोधित मॉडल फायर एण्ड इमरजेन्सी सर्विस बिल, 2019 प्रदेश सरकारों को अंगीकृत करने हेतु प्रसारित किया गया है। इसके क्रम में भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एण्ड इमरजेन्सी सर्विस बिल, 2019 को अंगीकृत किये जाने हेतु 'उत्तर प्रदेश फायर एण्ड इमरजेन्सी सर्विसेज अधिनियम-2022' को लागू किया गया है। उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा को अग्निकाण्डों से बचाव के साथ-साथ अन्य आपातकालीन आवश्यकताओं जैसे-बाढ़, भूकम्प, बिल्डिंग कोलैप्स, आण्विक एवं जैविक खतरों इत्यादि में रेस्क्यू,बचाव कार्य हेतु वैधानिक एवं ढांचागत रूप से सुसज्जित एवं प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है।

# पिछड़े समाज की 37500 गरीब बेटियो को दिया जाएगा विवाह हेतु अनुदान

## लाभार्थी योजनाओं का लाभ समाज में प्रत्येक दिव्यांगजन तक सुगम तरीके से पहुचें

संवाददाता

**लखनऊ।** योगी सरकार सबका साथ सबका विकास के सूत्र को लेकर उत्तर प्रदेश के सर्वागींण विकास को लेकर कृत संकल्प है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को विभाग के अधिकारियों के साथ नवीन भवन सचिवालय में समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के आगामी योजना तथा पूर्व से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ व्यापक स्तर पर प्रत्येक लाभार्थी को प्राप्त हो इसके लिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से हर-घर व हर परिवार तक व्यापक सूचना दी जाय।



पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित की जा रही योजनाएं पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु निर्गत समय सारणी अनुसार इस योजना के अन्तर्गत आन-लाइन आवेदन जो भी प्राप्त हुए हैं। उन छात्रों को दिसम्बर माह 2022 तक छात्रवृत्ति धनराशि के हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पन्न कर लिए जाने हेतु आदेश दिये व कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना एवं छात्रावास निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा कर सुचारू से आगामी कार्य संचालित हो व लाभार्थियों को पूर्ण रूप से लाभ प्राप्त हो इसके लिए योजना बनाकर कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के आदेश दिये। मंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांगजन को प्राप्त हो इसी लक्ष्य के साथ कार्य को अंजाम तक पहुचाना है।

दिव्यांगजन भरण-पोषण योजना कुष्ठावस्था पेंशन योजना, कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजना, दुकान निर्माण/संचालन योजना] शल्य चिकित्सा अनुदान योजना के बारे में समीक्षा कर कार्य को गति प्रदान कर लाभार्थियों को सफलता पूर्वक लाभ पहुचाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ही मेरा आपका धर्म है। विभाग द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थी योजनाओं का लाभ समाज में प्रत्येक दिव्यांगजन तक सुगम तरीके से पहुचें।

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में जनपद लखनऊ स्थित एशिया महाद्वीप का द्वितीय विश्वविद्यालय है जिसकी पचास प्रतिशत सीटे दिव्यांगजन के लिए आरक्षित है जो दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अन्तर्गत संचालित है। मंत्री ने विश्वविद्यालय के कार्य की समीक्षा कर आधुनिकता पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य कर विद्यार्थियों के लिए पठन-पाठन का विश्वस्तरीय माहौल तैयार किया जायें।

# शिवपाल का मोहनलालगंज में जोरदार स्वागत

संवाददाता

**लखनऊ।** पूर्व मंत्री और वर्तमान सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव का आज सोमवार को कस्बा मोहनलालगंज में बार के पदाधिकारियों , अधिवक्ताओं और गौरा गांव में पूर्व सपा विधायक ने कार्यकर्ताओं संग जोरदार स्वागत किया। सोमवार को शिवपाल सिंह यादव प्रयागराज जा रहे थे। जब उनका काफिला हाईवे पर स्थित गौरा गांव पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अमरीश सिंह पुष्कर के नेतृत्व में पूर्व बार अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव समेत भारी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके पहले मोहनलालगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला महामंत्री राम लखन यादव अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पूर्व मंत्री विधायक शिवपाल सिंह यादव का मोहनलालगंज पहुंचने



पर बुके देकर और माला पहनाकर जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, एडवोकेट अमरपाल सिंह, एडवोकेट केपी यादव, एडवोकेट शिव अटल सिंह, एडवोकेट अमरेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट लोकेश सिंह यादव, एडवोकेट यशवीर सिंह, अजय यादव समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर पूर्व मंत्री विधायक शिवपाल सिंह यादव का स्वागत किया। स्वागत से श्री यादव गदगद हु और अपने काफिले के साथ गंतव्य स्थान को रवाना हो गए।

### रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ आज खटखटाएगा सीएम का दरवाजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ की कार्यसमिति की बैठक संघ के अध्यक्ष डी के त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में परिवहन निगम के निजीकरण के कुचक्र का खुलकर विरोध किया गया। संघ के अध्यक्ष डीके त्रिपाठी ने कहा कि सरकार और परिवहन निगम प्रबंधन निगम के निजीकरण के प्रयास में है। इसी के तहत रोडवेज के बेड़े में 75 फीसदी निजी बसों को शामिल करने और निगम की बसो को 25 फीसदी में सीमित करने का प्लान है। इसके साथ ही निगम की परिसम्पत्तियों को बेचने की कार्यवाही चल रही है। इन सभी समस्याओं को लेकर संगठन कल 20 दिसम्बर को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मामले में हस्तक्षेप करने और परिवहन निगम के हितों की सुरक्षा खातिर मांगपत्र सौंपेगा।

## नवजात की मृत्युदर में कमी लाने के लिए एक्शन प्लान तैयार

**बहराइच।** नौनिहालों की सेहत सुधारने व नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए न्यूबॉर्न एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके लिए चार राज्यों से आठ जिलों का चुनाव किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश के दो जनपद बहराइच व प्रयागराज शामिल हैं। इसके लिए चिकित्सकों को प्रशिक्षित कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश चंद्र की मौजूदगी में यूनिसेफ के सहयोग से देश की पहली जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शहर के एक रिसार्ट में रविवार को हुआ। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि नवजात शिशु सुरक्षा के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2014 में आईएनए यानि इंडियन न्यूबॉर्न एक्शन प्लान शुरू किया था। इसका मकसद राष्ट्रीय स्तर पर नवजात मृत्य दर में कमी लाने के लिए नीति निर्माण करना था। इसके लिए वर्ष

**उत्तर प्रदेश के दो जनपद बहराइच व प्रयागराज शामिल हैं**

2030 तक राष्ट्रीय स्तर पर नवजात मृत्यु दर को कम करने लक्ष्य रखा गया है। महाप्रबंधक ने बताया कि आईएनए की ओर से तय नीतियों व प्रयासों के चलते नवजात मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है। सीएमओ डॉ.एसके सिंह ने कहा कि पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों की मौतों में लगभग 70 प्रतिशत मौतें नवजात की होती हैं। ऐसे में शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए पहले इसके कारणों का पता लगाते हुए इसे दूर करने पर बल दिया जाएगा। इस मौके पर बिल मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन से डॉ विकास यादव, इंडिया हेल्थ एक्शन ट्रस्ट से डॉ रेनू श्रीवास्तव गोयल, एसीएमओ डॉ पीके बांदिल व ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोहरे की सफेद चादर से ढकी तराई, सड़कों पर रेंगते नजर आए वाहन

**बहराइच।** जिले में ठंड का प्रकोप जारी है। नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर तराई क्षेत्र में ठंड का रूप लिए हुए है। पछुआ हवाएं चलने से तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। सोमवार की सुबह इतना कोहरा छाया कि काम पर निकले लोग बोले- उफ्फ इतना कोहरा। जिले में कोहरे की सफेद चादर से ढकी तराई का यह दृश्य ठंडक का पहला दृश्य है। ठंड बढ़ने के साथ ही तराई का तापमान तेजी से लुढ़कने लगा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 10 सेंटीग्रेड रहा। इस बार नवंबर के प्रथम सप्ताह से ही ठंड ने दस्तक दे दी थी। दिसंबर का तीसरा सप्ताह शुरू होते ही कोहरे व ठंड का भीषण कहर शुरू हो गया है। अमूमन पूरे जिले के साथ

- **पछुआ हवाएं चलने से तापमान में लगातार गिरावट हो रही**
- **सुबह इतना कोहरा छाया कि काम पर निकले लोग बोले- उफ्फ इतना कोहरा**

महसी के कछार व नेपाल से सटे सीमावर्ती इलाके सर्वाधिक प्रभावित हैं। सोमवार की सुबह तराई में छाए कोहरे की चादर के बीच दृश्यता कम होने की वजह से सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिले के नवाबगंज, रुपईडीहा सहित नेपाल के पहाड़ी इलाकों से सटे भारतीय इलाकों में अधिक ठंड पड़ने लगी है।

# राहुल को अमेठी से प्यार,बंटवाये 20 हजार कम्बल

## अमेठी के पूर्व सांसद लोगों से उतना ही प्यार करते हैं

संवाददाता

**लखनऊ।** अमेठी की जनता प्यार करती है या नही,वो जाने लेकिन राहुल गांधी का अमेठी से प्यार बरकरार है। रिश्ता पीढ़ियों का है,टूटने वाला नहीं। अमेठी के पूर्व सांसद लोगों से उतना ही प्यार करते हैं, जितना साल 2019 में चुनाव हारने से पहले किया करते थे। उन्हें हर सर्दी में अमेठी वालों की याद जरूर आती है। इस बार भी उन्होंने ठंड से बचाव के लिए 20 हजार कंबलों की खेप भिजवाई है जो गरीबों में बांटे गए हैं।अमेठी के लोगों के लिए राहुल गांधी का प्यार झलक ही जाता है। कोरोना काल में अमेठी वासियों के



लिए दवाइयां, ऑक्सीजन सिलेंडर और कई जरूरत के सामान भिजवाए थे। यह प्यार 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कोई संकेत तो नहीं? कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी ने कंबल इसलिए भेजे हैं क्योंकि अमेठी उनके लिए घर और परिवार है। और की तरह सिर्फ वोट बैंक नहीं। 2021में राहुल और प्रियंका ने अमेठी का दौराकर श्बीजेपी भगाओ-महंगाई हटाओश् जैसे नारों के साथ यात्रा की थी। कांग्रेस नेता अजय राय का बयान आया था जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी अमेठी से 2024 का लोकसभा चुनाव फिर से लड़ेंगे।जब राहुल गांधी का मन टटोलने की कोशिश की गई तो उन्होंने कह दिया था कि इसका फैसला डेढ़ साल बाद लिया जाएगा क्योंकि उनका ध्यान भारत जोड़ो यात्रा पर है। बीजेपी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 54,731 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। स्मृति को इस सीट से 4,67,598 और राहुल गांधी को 4,12,867 वोट हासिल हुए थे। 2014 में राहुल गांधी ने स्मृति ईरानी को बुरी तरह से पीछे छोड़ा था। राहुल ने एक लाख से भी ज्यादा वोटों के अंतर से करारी शिकस्त दी थी। देखना है कि क्या राहुल अमेठी से फिर चुनाव लड़ेंगे या अमेठी को भूल जायेंगे। पीढ़ियों की रिश्तेदारी भुलाना आसान तो नही लेकिन सियासत में कब क्या हो जाये कुछ कहना मुश्किल है।

## रेलवे स्टेशन के दो प्लेटफार्म चमकेंगे

**बस्ती।** रेलवे स्टेशन के दो प्लेटफार्मों को अब मजबूत कर चमकाया जाएगा। इसके लिए वर्क डिवीजन ने तकरीबन दो करोड़ का प्रस्ताव भेजा था। इस पर मुख्यालय ने अपनी मंजूरी दे दी है। धन अवमुक्त हो चुका है। काम शुरू हो चुका है। इससे बस्ती स्टेशन से रोजाना सफर करने वाले औसतन 15 हजार यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। बस्ती स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो व तीन की लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई थी। पुरानी ईंटों से बने प्लेटफार्म जगह-जगह टूट चुके हैं और गड्ढे भी बन चुके हैं। इससे यात्रियों को ट्रेनों पर सवार होने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। इसके तहत दोनों प्लेटफार्मों को कंक्रीट व सीमेंट से बनाया जाएगा और उसके बाद टॉयल व मार्बल लगाए जाएंगे। यही नहीं, यहां यात्रियों को बैठने के लिए मजबूत कुर्सियां भी स्थापित की जाएंगी। इससे स्टेशन साफ-सुथरा दिखेगा और साथ ही यात्रियों को भी ट्रेनों पर सवार होने के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। वहीं, सीसी निर्माण होने के कारण यह प्लेटफार्म लंबे समय तक टिकाऊ साबित होंगे और बार-बार मरम्मत के नाम पर सरकारी धन की फिजूलखर्ची में भी कमी आएगी।

## अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंटकर, दानिश आजाद अंसारी ने प्रधानमंत्री को विभाग द्वारा किए जा रहे, कार्यों से अवगत कराया गया।साथ ही अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर प्रदेश भर के मदरसों में आयोजित हुई। विज्ञान प्रदर्शनी एवं आगामी दिनों में होने वाले मदरसा स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता व अल्पसंख्यक रोजगार मेले के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न अल्पसंख्यक मसलों पर चर्चा करते हुए राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी को अल्पसंख्यक समाज और नौजवानों के लिए बेहतर से बेहतर काम करने को कहा, जिस तरीके से सरकार ईमानदारी से सभी योजनाओं का सीधा लाभ अल्पसंख्यक समाज को दे रही है। उनका विकास हो रहा है इसको आगे भी ऐसे ही जारी रखते हुए सबका साथ सबका विकास के नारे पर ईमानदारी से काम करना है। खास तौर पर पसमांदा समाज के बारे में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछड़ा पसमांदा समाज के बेहतर शिक्षा और रोजगार पर गंभीरता से कार्य करना है।

### भारतीय नागरिक परिषद ने काकोरी बलिदान दिवस पर वीरों किया याद

**लखनऊ।** भारतीय नागरिक परिषद द्वारा काकोरी क्रान्ति के महानायक पं राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रौशन सिंह को काकोरी बलिदान दिवस पर वीरों को नमन कर याद किया।

## उपभोक्ता परिषद का दावा छूपाई जा रही जानकारी, सख्त कार्रवाई की मांग

# एमडी मध्यांचल ने चेयरमैन नियामक आयोग को 2 करोड़ 43 लाख वापसी का शपथ

संवाददाता

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग में सुनवाई संपन्न एमडी मध्यांचल चेयरमैन नियामक आयोग के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर सौंपा शपथ पत्र कहा अभी तक अधिक वसूली में 2105 विद्युत उपभोक्ताओं का कुल 2 करोड़ 43 लाख वापस किय। बकाया वापसी के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा।एमडी मध्यांचल ने आयोग को बताया कि 230 विद्युत उपभोक्ताओं से 86 लाख का एस्टीमेट जमा नही हुआ था उसे कराया गया। क एमडी ने 10 हजार की पेनल्टी माफकरने का किया निवेदन आयोग चेयरमैन ने कहा उसे सभी सूचना प्राप्त होने पर देखा जाएगा। प्रदेश के उपभोक्ताओं के तरफ से उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने आयोग चेयरमैन को कराया अवगत कहा क्षेत्रीय अभियंता अभी भी अधिक वसूली की रकम छुपा रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। कॉस्ट डाटाबुक के विपरीत प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं से करोडों की की गई अधिक वसूली के मामले में उपभोक्ता परिषद की याचिका पर आज विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आर पी सिंह के समक्ष मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारोत व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर यह शपथ पत्र सौंपा। शपथ पत्र के अनुसार अभी तक उनकी बिजली कंपनी में अनेकों जनपदों के अनेकों विद्युत वितरण खंडों में कास्ट डाटा बुक के विपरीत उपभोक्ताओं से अधिक वसूल की गई रकम के क्रम में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने अभी तक 2105 विद्युत उपभोक्ताओं को चिन्हित किया है जिनसे लगभग 2 करोड 96 लाख अधिक वसूली की गई। जिसमें से 2 करोड 43 लाख रकम उपभोक्ताओं को वापस की गई है। जिसमें एक करोड़ रूपये उपभोक्ताओं का अकाउंट नंबर प्राप्त कर उनके अकाउंट में आरटीजीएस किया गया है। बाकी रकम उपभोक्ताओं को उनके बिजली के बिल में समायोजित किया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बताय कि लगभग 230 विद्युत उपभोक्ता ऐसे मिले हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-गोण्डा-20-2022 (दो पैकेट सिस्टम) क्लोजिंग दिनांक 11-01-2023 कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल तीसरी रनिंग लाइन परियोजना के गोण्डा-बुढ़वल सेक्सन विभिन्न स्टेशनों पर एवं ब्लाक सेक्शन में टाइप-।। एवं टाइप-।।। क्वार्टर के निर्माण का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 28,27,32,675.55, बयाना राशि (रू.): ₹ 15,63,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 18 (अठारह) माह।

**नोटः** ♦ बिड प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 28-12-2022, ♦उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 11-01-2023, 15:00 बजे तक। ♦उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 11-01-2023, 15:30 बजे। ♦निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री सुनील कुमार सिंह, कार्यपालक इंजी./निर्माण/गोण्डा, मो.: 9794844284

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, गोण्डा**

मुजाधि/डब्लू-302

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# सम्पादकीय

## जैव विविधता पर ध्यान

**कनाडा के** मॉन्ट्रियल में आयोजित जैव-विविधता सम्मेलन (कॉप15) में भारत ने आशा व्यक्त की है कि इस बैठक में आम सहमति से ठोस निर्णय लिया जायेगा. संयुक्त राष्ट्र के इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पारिस्थितिकी के नुकसान की भरपाई करना तथा वैश्विक स्तर पर हो रहे जैव विविधता के ह्रास को रोकना लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याण के लिए आवश्यक है. उन्होंने इस संबंध में भारत में हो रहे प्रयासों का उल्लेख भी किया. हमारा देश विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं, कीट-पतंगों, पक्षियों और पेड़-पौधों से समृद्ध है. धरती के संतुलन को बनाये रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन जलवायु परिवर्तन, मानवीय विकास, प्रदूषण तथा देख-रेख के अभाव जैसे कारकों ने जैव-विविधता को संकट में ला दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण, नदियों के उद्धार, नदी तटों की पारिस्थितिकी, वन्य जीव संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार आदि से संबंधित कार्यक्रमों एवं नीतियों के माध्यम से जैव-विविधता को बेहतर करने को सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित किया है. इस संबंध में सूचनाओं तथा तकनीकों के आदान-प्रदान के लिए भारत अन्य देशों से सहकार भी कर रहा है. जलवायु परिवर्तन को लेकर विकासशील देशों के प्रति जो रवैया विकसित राष्ट्रों का रहा है, वह जैव-विविधता के मामले में भी दिख रहा है. विकसित देश ऐतिहासिक रूप से जलवायु परिवर्तन और जैव-विविधता के ह्रास के लिए जिम्मेदार हैं, पर अब वे उसकी भरपाई में आगे बढ़कर योगदान देने की जगह विकासशील देशों से ऐसी अपेक्षाएं कर रहे हैं, जिनसे इन देशों की विकास गतिविधियों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है. भारतीय पर्यावरण मंत्री ने उचित ही कहा है कि इस सम्मेलन में निर्धारित होने वाले लक्ष्य एवं कार्यक्रम महत्वाकांक्षी अवश्य हों, किंतु वे व्यावहारिक और यथार्थ पर आधारित भी होने चाहिए. विकसित देश चाहते हैं कि भारत कृषि पर दिये जा रहे अनुदानों में बड़ी कटौती करे और उस धन को जैव-विविधता के संरक्षण में लगाये. देश की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा कृषि पर आश्रित है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सबसे प्रमुख आधार है. ऐसे में कृषि अनुदानों में भारी तो क्या, मामूली कटौती भी हमारे आर्थिक हितों को प्रभावित कर सकते हैं. खाद्य सुरक्षा बनाये रखना भी भारत जैसे देशों के लिए बहुत जरूरी है।

## समानता का समीकरण

**संसद में इससे** संबंधित एक निजी विधेयक पेश किया गया, जिसका विपक्षी दलों ने विरोध किया, मगर मत विभाजन के जरिए उस पर चर्चा की मंजूरी मिल गई। हालांकि निजी विधेयकों पर कानून बनने के उदाहरण बहुत कम हैं, मगर इसे लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि यह कानून की शक्ल ले सकता है। इसलिए कि समान नागरिक संहिता लागू करना खुद सरकार की वचनबद्धताओं में एक है। इसे लेकर पहले भी पहल हो चुकी है, मगर कुछ तकनीकी अड़चनों के चलते सहमति नहीं बन सकी। फिर, अभी जो निजी विधेयक पेश किया गया उसे सत्तापक्ष के ही एक सांसद ने सदन के पटल पर रखा। उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक जैसे कुछ भाजपा शासित राज्य पहले ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। यानी देश में इसे कानूनी रूप देने की जमीन पहले से तैयार है, उसमें इस विधेयक पर सदन में चर्चा का माहौल भी बन गया। इसलिए इसके सिरे चढ़ने की संभावना अधिक नजर आती है। दरअसल, समान नागरिक संहिता का मुद्दा भाजपा ने उठाया जरूर था, मगर इसकी जरूरत सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो मामले की सुनवाई के वक्त ही रेखांकित कर दी थी। शाहबानो ने तलाक के बाद अपने बच्चों के भरण-पोषण को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था। तब अदालत ने सरकार से समान आचार संहिता बनाने को कहा था। मगर इसमें तकनीकी अड़चन यह आ रही थी कि ऐसा कानून लागू करने से अल्पसंख्यक समुदाय की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंच सकती है, जो कि असंवैधानिक कहा जा सकता है। असल में, मुसलिम समुदाय में शादी एक करार होती है, जिसे कोई भी एक पक्ष अपनी मर्जी से तोड़ने को स्वतंत्र है। बहुविवाह का चलन भी वहां स्वीकृत है। इस तरह विवाहिता पत्नी और उससे पैदा हुए बच्चों के भरण-पोषण, संपत्ति आदि का हक बाधित होता है। इसलिए खुद मुसलिम समाज की बहुत सारी महिलाएं समान आचार संहिता लागू करने की मांग करती रही हैं। फिर इसके पक्ष में तर्क यह भी दिया जाता है कि जब संविधान में धर्म और जाति से परे समान अधिकार की बात कही गई है, तो विवाह आदि के मामले में धार्मिक आस्था को क्यों महत्त्व दिया जाना चाहिए। तरक्की पसंद मुसलमान भी इस कानून के पक्ष में रहे हैं, मगर उनका कहना है कि इसे लागू करने से पहले तमाम संवेदनशील पहलुओं पर बारीकी से विचार कर लिया जाना चाहिए। जब केंद्र सरकार ने तीन तलाक को खत्म करने का फैसला किया, तब बड़ी तादाद में मुसलिम महिलाओं ने अपनी खुशी का खुला इजहार किया था। इस तरह समान नागरिक संहिता को लेकर भी इस समुदाय की तरफ से किसी व्यापक विरोध की आशंका नजर नहीं आती।

# बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब ने अपना दुष्प्रभाव दिखाया

पिछले दिनों छपरा में जहरीली शराब के सेवन से कम से कम 70 लोगों की जान चली गई, छपरा के अलावा सारण, सिवान और बेगूसराय में भी शराब के चलते मौतें हुई हैं। जिन लोगों की अकाल मौत हुई, प्रशासन की निगाह में उनका दोष यह था कि उन्होंने शराबबंदी के बावजूद शराब का सेवन किया। लेकिन असल में इससे भी बड़ा दोष यह था कि मरने वाले गरीब तबके के थे। ज्यादातर लोग मेहनत-मजदूरी करके अपना घर चलाते थे और शारीरिक-मानसिक तकलीफों से छुटकारे के लिए शराब का सेवन उन्होंने किया। ऐसा नहीं है कि इस देश में कानूनों का उल्लंघन नहीं होता। शराब पीकर गाड़ी चलाना, लड़कियों से छेड़छाड़ करना, रिश्वत लेना, दस बजे के बाद लाउड स्पीकर चलाना, प्रतिबंधों के बावजूद पटाखे फोड़ना, दहेज लेना, व्यवहार में छुआछूत बरतना ऐसे दसियों तरह के कानून रोजाना तोड़े जाते हैं।



**बिहार में** एक बार फिर जहरीली शराब ने अपना दुष्प्रभाव दिखाया है। पिछले दिनों छपरा में जहरीली शराब के सेवन से कम से कम 70 लोगों की जान चली गई, छपरा के अलावा सारण, सिवान और बेगूसराय में भी शराब के चलते मौतें हुई हैं। जिन लोगों की अकाल मौत हुई, प्रशासन की निगाह में उनका दोष यह था कि उन्होंने शराबबंदी के बावजूद शराब का सेवन किया। लेकिन असल में इससे भी बड़ा दोष यह था कि मरने वाले गरीब तबके के थे। ज्यादातर लोग मेहनत-मजदूरी करके अपना घर चलाते थे और शारीरिक-मानसिक तकलीफों से छुटकारे के लिए शराब का सेवन उन्होंने किया। ऐसा नहीं है कि इस देश में कानूनों का उल्लंघन नहीं होता। शराब पीकर गाड़ी चलाना, लड़कियों से छेड़छाड़ करना, रिश्वत लेना, दस बजे के बाद लाउड स्पीकर चलाना, प्रतिबंधों के बावजूद पटाखे फोड़ना, दहेज लेना, व्यवहार में छुआछूत बरतना ऐसे दसियों तरह के कानून रोजाना तोड़े जाते हैं, पूरे होशोहवास में तोड़े जाते हैं, हमारा कोई क्या बिगाड़ लेगा, इस हनक में तोड़े जाते हैं। ऐसा करने वाले अगर अमीर या प्रभावशाली तबके से हुए, तो उनका कुछ नहीं बिगड़ता। लेकिन गरीब अगर कानून की शान में जरा सी गुस्ताखी कर ले तो फिर उसे कैसे सजा भुगतनी पड़ती है, ये समझना कठिन नहीं है। इस बार तो सीधे जान गंवाने का दंड ही गरीबों को मिला। जिस राज्य में 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। जहां किसी भी नशीले पदार्थ या शराब का निर्माण, बॉटलिंग, वितरण, परिवहन, संग्रह, भंडारण, खरीद, बिक्री या खपत प्रतिबंधित है, वहां किस तरह बार-बार जहरीली शराब लोगों की जान ले रही है, यह बड़ा गंभीर सवाल है। इस सवाल पर सभी जनप्रतिनिधियों को, प्रशासन और सरकार को गहन मंथन करना चाहिए। लेकिन इस वक्त जहरीली शराब से मौत कुछ के लिए राजनैतिक मौका और कुछ के लिए परेशानी बन कर सामने आई है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शराबबंदी के सख्त हिमायती हैं। उन्हीं के शासनकाल में बिहार में शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा। पहले उनके साथ सत्ता में भाजपा थी, तो उसकी भी सहमति इस प्रतिबंध पर थी। अब भाजपा सत्ता से बाहर है और जदयू के साथ राजद ने सरकार बना ली है। तो भाजपा इस मुद्दे पर नीतीश कुमार के खिलाफ खड़ी हो गई है। सत्ता से बाहर होने की कसक वह अब नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग करके दूर कर रही है। और ये तय है कि जब तीन साल बाद राज्य में चुनाव होंगे तो भाजपा शराबबंदी को एक मुद्दा जरूर बनाएगी। इधर नीतीश कुमार हालिया प्रकरण के बाद बुरी तरह घिर गए हैं, और विधानसभा सत्र में अपना आपा खोते नजर आए। जब मृतकों के लिए मुआवजे की मांग उठी, तो इससे साफ इंकार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि श्शराब पीकर मरने वालों को कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। हम अपील करते रहे हैं- पिएंगे तो मर जाएंगे। जो लोग पीने के पक्ष में बात करते हैं, वे आपके लिए कुछ अच्छा नहीं करेंगे। नीतीश कुमार के इस बयान को उनके विरोधियों ने लपक लिया है और इसके आधे हिस्से पियोगे, तो मरोगे को सुर्खियां बनाया जा रहा है। एक जननेता और जिम्मेदारी के पद पर बैठे व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में संतुलित, संयमित व्यवहार करेगा। नीतीश कुमार ने जो बातें कहीं, वो सैद्धांतिक तौर पर सही हैं। शराब पीकर शरीर को नुकसान होगा, ये बात भी सभी जानते हैं। अगर मृतकों को बिहार सरकार ने मुआवजा दिया तो विपक्षी इस बात पर भी घेर लेंगे कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा, उन्हें सरकार मुआवजा दे रही है। यानी एक त्रासद घटना को राजनैतिक रंग देकर सैकड़ों तरह के खिलवाड़ किए जा सकते हैं। मगर ध्यान देने वाली बात ये है कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा, उन्हें जान गंवाने की सजा पहले ही मिल चुकी है। उनके पीछे जो लोग छूट गए हैं, वे किस बात की सजा भोग रहे हैं। मृतकों में बहुत से लोग अपने घरों में इकलौते कमाऊ सदस्य रहे होंगे। उनके पीछे जो पत्नी, बच्चे, मां-बाप छूट गए, उनका गुजारा किस तरह होगा, इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए। क्या सरकार उन लोगों की शिनाख्त जल्द से जल्द कर सकती है, जिन्होंने सस्ती शराब के चक्कर में लोगों को जहर परोस दिया। क्या ऐसे लोगों को सजा देने के साथ-साथ उनकी संपत्ति की नीलामी या ऐसा ही कोई और कदम उठाकर उस धन से सरकार मृतकों के बेसहारा परिजनों को कोई मदद मुहैया करा सकती है। शराबबंदी के फैसले को नीतीश कुमार अक्सर अपनी जीत के कारणों में से एक बताते हैं। उनका ये भी मानना है कि घर की स्त्रियों, बच्चों को शराबियों के कारण जिन तकलीफों से गुजरना पड़ता था, अब उससे निजात मिल गई है। लेकिन ये बहुत आदर्शवादी विचार है कि सरकार शराब पर कड़े प्रतिबंध लगाएगी और जनता उन पर उतनी ही कड़ाई से अमल करेगी। शराब हो या अन्य नशा, इसकी लत आसानी से नहीं छूटती। जब इन पर प्रतिबंध हो तो लोग पिछले दरवाजे से शराब खरीदने के रास्ते देखेंगे और इसमें अवैध और सस्ती शराब बनाने वाले मुनाफा कमाने के मौके ढूंढेंगे। पुलिस, प्रशासन की कमजोर कड़ियां इस अवैध कारोबार में सहायक बनेंगी। बिहार में फिलहाल यही होता दिख रहा है। 2016 के बाद से कई बार राज्य में अवैध शराब से लोगों की जान गई है। लेकिन इसमें इस अवैध धंधे में लिप्त लोगों को सजा बेहद कम हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2016 से इस साल अक्टूबर मध्य तक बिहार पुलिस और आबकारी विभाग ने शराबबंदी कानून उल्लंघन के 4 लाख मामले दर्ज किए। इन मामलों में करीब 4.5 लाख लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें लगभग 1.4 लाख लोगों पर विभिन्न अदालतों में मुकदमा चलाया गया। इसमें केवल 1,300 लोगों यानी 1 प्रतिशत से कम को दोषी ठहराया गया।

# क्रांतिकारी आंदोलन के लिए धन जुटाने का चला अभियान

उन्होंने क्रांतिकारी आंदोलन के लिए धन जुटाने के अभियान में नौ अगस्त, 1925 को यात्री गाड़ी से ले जाया जा रहा सरकारी खजाना लखनऊ में काकोरी रेलवे स्टेशन के पास अपने कब्जे में ले लिया था. उस कार्रवाई पर मुकदमे के लंबे नाटक के बाद उसने इन तीनों सहित राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को भी मौत की सजा दी थी. कई अन्य क्रांतिकारियों को लंबी कैद की सजा दी गयी थी, लेकिन फांसी के फंदे भी इन क्रांतिकारियों का हौसला नहीं तोड़ पाये. इनमें रौशन सिंह उम्र में सबसे बड़े थे. उन्होंने काकोरी एक्शन में भाग ही नहीं लिया था, गोरी पुलिस फिर भी उन्हें सजा दिलाने पर तुली हुई थी. क्रांतिकारियों को लगता था कि वह उन्हें मौत क्या, कोई भी बड़ी सजा नहीं दिला पायेगी, लेकिन इस पर जेल में वे सब नाटक के खेल करते थे और जज बना क्रांतिकारी रौशन को मामूली सजा सुनाता, तो वे बिफर कर हंगामा करने लगते. छह अप्रैल, 1927 को जज ने उन्हें सचमुच सजा सुनानी शुरू की, तो उन्हें लगा कि वास्तव में उन्हें बहुत कम सजा सुनायी गयी है।

**मदांध गोरी** सत्ता ने 1927 में 19 दिसंबर को चंद्रशेखर आजाद के प्रधान सेनापतित्व वाली हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के तीन क्रांतिकारियों- पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खां और रौशन सिंह को क्रमशः गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद की जेलों में शहीद कर दिया था. उन्होंने क्रांतिकारी आंदोलन के लिए धन जुटाने के अभियान में नौ अगस्त, 1925 को यात्री गाड़ी से ले जाया जा रहा सरकारी खजाना लखनऊ में काकोरी रेलवे स्टेशन के पास अपने कब्जे में ले लिया था. उस कार्रवाई पर मुकदमे के लंबे नाटक के बाद उसने इन तीनों सहित राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को भी मौत की सजा दी थी. कई अन्य क्रांतिकारियों को लंबी कैद की सजा दी गयी थी, लेकिन फांसी के फंदे भी इन क्रांतिकारियों का हौसला नहीं तोड़ पाये. इनमें रौशन सिंह उम्र में सबसे बड़े थे. उन्होंने काकोरी एक्शन में भाग ही नहीं लिया था, गोरी पुलिस फिर भी उन्हें सजा दिलाने पर तुली हुई थी. क्रांतिकारियों को लगता था कि वह उन्हें मौत क्या, कोई भी बड़ी सजा नहीं दिला पायेगी, लेकिन इस पर जेल में वे सब नाटक के खेल करते थे और जज बना क्रांतिकारी रौशन को मामूली सजा सुनाता, तो वे बिफर कर हंगामा करने लगते. छह अप्रैल, 1927 को जज ने उन्हें सचमुच सजा सुनानी शुरू की, तो उन्हें लगा कि वास्तव में उन्हें बहुत कम सजा सुनायी गयी है. उन्होंने ऊंची आवाज में जज से कहा, 'मुझे बिस्मिल से कम सजा न सुनायी जाए.' जब उनके साथियों ने बताया कि उन्हें बिस्मिल जितनी ही सजा सुनायी गयी है, तो वे आह्लादित होकर बिस्मिल के गले लगकर बोले, 'तुम मुझे छोड़ कर फांसी चढ़ना चाहते थे, लेकिन मैं तुम्हें वहां भी नहीं छोड़ने वाला.' गोरी सत्ता ने दोनों को अलग-अलग जेलों में फांसी पर लटका कर उनका यह अरमान पूरा नहीं होने दिया. बिस्मिल को चुपचाप फांसी पर चढ़ जाना अभीष्ट नहीं था. वे चाहते थे कि जैसे भी मुमकिन हो, जेल से बाहर निकलें. आखिरी दिनों में उन पर पहरा इतना कड़ा कर दिया गया था कि बिस्मिल के लिए अपने साथियों को कोई साधारण संदेश भेजना भी संभव नहीं होता था. तब उन्होंने शायरी में ऐसा संदेश भेजा, जिसे अधिकारियों ने प्रेम की निर्मल अभिव्यक्ति समझ कर बाहर चले जाने दिया. वह संदेश था- 'मिट गया जब मिटने वाला फिर सलाम आया तो क्या ध् उस घड़ी गर नामाबर लेकर पयाम आया तो क्या?'



मतलब यह था कि उन्हें निकालने के लिए जो कुछ भी करना है, जल्दी करना होगा. पर साथियों द्वारा कुछ नहीं किया जा सका. स्वाभाविक ही बिस्मिल इससे निराश हुए. फिर भी शहादत से ऐन पहले उन्होंने इस उद्देश्य से व्यायाम किया था कि उनका मानना था कि उनका शरीर भारतमाता के चरणों में अर्पित होने जा रहा फूल है और अर्पित होते वक्त उसे कहीं से भी उदास या मुरझाया हुआ नहीं, बल्कि पूरी तरह स्वस्थ और सुंदर होना चाहिए. उन्हें राम कह कर पुकारने और उनसे अपनी मित्रता पर गर्व करने वाले अशफाकउल्लाह खां ने फैजाबाद की जेल में अपनी शहादत से पहले ईश्वर से प्रार्थना की थी- 'ऐ मेरे पाक खुदा, मेरे गुनाह माफ फरमा. माफी अता फरमा और हिंदुस्तान की सरजमीं पर आजादी का सूरज जल्द तुलुअ फरमा. यह प्रार्थना उन्होंने कुरान की अपनी प्रति पर दर्ज की थी. इनके चौथे साथी राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को गोंडा की जेल में इनसे दो दिन पहले 17 दिसंबर को ही फांसी दे दी गयी थी, क्योंकि गोरों को आशंका थी कि उन्नीस दिसंबर की तय तारीख से पहले हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के क्रांतिकारी जेल पर धावा बोल सकते हैं. कहते हैं कि खुफिया सूत्रों ने रिपोर्ट दी थी कि चंद्रशेखर आजाद ने अपने कुछ सैनिकों के साथ इसकी पक्की योजना बना रखी है. बिस्मिल की तरह लाहिड़ी ने भी फांसी के दिन तक व्यायाम का सिलसिला टूटने नहीं दिया था. उस सुबह एक अधिकारी ने उन्हें व्यायाम करते देख कर हैरत से पूछा कि अब जब कुछ ही घंटों में उनका माटी का चोला माटी में मिल जाना है, तो उनके यूं पसीना बहाने का फायदा क्या है? इस पर लाहिड़ी ने तमक कर जवाब दिया था, 'मैं व्यायाम इसलिए कर रहा हूं कि अगले जन्म में मुझे और बलशाली शरीर मिले और भारतमाता को स्वाधीन कराने का जो काम इस जीवन में पूरा नहीं कर पाया, उसे पूरा कर सकूं.' फिर फांसी का फंदा चूमते हुए उन्होंने कहा था कि वे मरने नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत में फिर से जन्म लेने जा रहे हैं।

# आलेख — तमिलनाडु में उदयनिधि को मंत्री बनाने के मायने

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को अपनी बहन कनिमोझी की नाराजगी को दूर करना होगा. इससे यह भी संकेत मिलता है कि 2024 में 38 लोकसभा सीटों की बड़ी जीत को दोहराने के लिए पार्टी को बहुत मेहनत करनी होगी. उससे पहले एक ठोस राजनीतिक संदेश जरूर दिया गया है. इससे द्रमुक के संगठन में ऊर्जा आयेगी. सवाल यह है कि अभी क्यों उदयनिधि को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है ?क्या यह डेढ़ साल पुरानी सरकार की छवि चमकाने की कोशिश है ? पार्टी के भीतर बहुत तनातनी चल रही है।

**तमिलनाडु सरकार** में उदयनिधि स्टालिन को शामिल करना इंगित करता है कि न केवल द्रमुक के भीतर, बल्कि पार्टी प्रमुख के परिवार में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है. मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को अपनी बहन कनिमोझी की नाराजगी को दूर करना होगा. इससे यह भी संकेत मिलता है कि 2024 में 38 लोकसभा सीटों की बड़ी जीत को दोहराने के लिए पार्टी को बहुत मेहनत करनी होगी. उससे पहले एक ठोस राजनीतिक संदेश जरूर दिया गया है. इससे द्रमुक के संगठन में ऊर्जा आयेगी. सवाल यह है कि अभी क्यों उदयनिधि को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है?क्या यह डेढ़ साल पुरानी सरकार की छवि चमकाने की कोशिश है? पार्टी के भीतर बहुत तनातनी चल रही है. नौकरशाही का पूरा सहयोग भी नहीं मिल रहा है. द्रमुक को अंदेशा है कि अधिकारियों पर अन्नाद्रमुक का गहरा प्रभाव है. राज्य में पदस्थ उत्तर भारतीय अधिकारी भी अड़चन डालते हैं. स्टालिन के लिए राज्यपाल आरएन रवि की सक्रियता भी बड़ा सिरदर्द है. सरकार के बरक्स राज्यपाल हिंदुत्व समर्थक भाषणों तथा केंद्र सरकार के प्रति झुकाव से एक समानांतर आख्यान बना रहे हैं. तमिलनाडु विधानसभा के अनेक निर्णयों को राजपाल स्वीकृत नहीं कर रहे हैं. इन कारकों के चलते स्टालिन को अपने बेटे को शामिल करने के साथ मंत्रिपरिषद में फेर-बदल करना पड़ा है. पहली बार विधायक बने उदयनिधि को युवा एवं खेल विकास तथा विशेष कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय दिये गये हैं. क्या वे अगले साल के बजट की तैयारी में हिस्सा लेंगे या विधानसभा में वरिष्ठ मंत्रियों की ओर से सवालों के जवाब देंगे? युवाओं में नरेंद्र मोदी के लिए आकर्षण है तथा राज्य की मीडिया भाजपा को महत्व दे रही है, इसलिए युवाओं को द्रमुक के पाले में लाने के इरादे से उदयनिधि को सरकार में शामिल किया गया है. साथ ही, विधि-व्यवस्था, कोयंबटूर विस्फोट आदि से जुड़े मामलों ने भी सरकार में फेर-बदल की स्थिति पैदा की. स्टालिन की रणनीति पार्टी, सरकार और परिवार में शक्ति केंद्र की स्थिति को स्पष्ट करने की है. वरिष्ठ मंत्रियों में आपसी मनमुटाव है. अपने पिता से विपरीत स्टालिन बड़बोले मंत्रियों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं. हाल में हुई पार्टी की उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि नेताओं की आपसी तनातनी के चलते उन्हें ठीक से नींद नहीं आती और उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है. तमिलनाडु सरकार की भी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है. महिलाओं को वित्तीय सहायता देने तथा पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने के अपने वादों को स्टालिन पूरा नहीं कर पाये हैं. परिवार में सबरीसन के रूप में रॉबर्ट वाड्रा की तरह एक 'दामाद श्री' भी हैं, जिन्हें अफसरशाही, पार्टी कार्यकर्ताओं और करुणानिधि परिवार द्वारा बहुत महत्व दिया जाता है. व्यंग में एक टिप्पणीकार ने कहा कि दामाद श्री के जरिये स्टालिन ने एकल खिड़की प्रणाली की प्रभावी व्यवस्था कर दी है. यूट्यूब के कुछ तमिल चौनल यह भी संकेत करते हैं कि परिवार में कनिमोझी को किनारे किया जा रहा है. वे करुणानिधि की दूसरी पत्नी की संतान हैं. उनके जन्मदिन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विशेष रूप से फोन कर बधाई दी है. उदयनिधि को मंत्री बनाये जाने को टीआर बालु, जगतरक्षकन, ए राजा, पलानिमणिक्कम जैसे असंतुष्ट पुराने नेताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में भी देखा जा रहा है. कई सारे पार्टी सांसद स्टालिन के बजाय उदयनिधि के प्रति समर्पित माने जाते हैं. इस तरह से 2019 में उम्मीदवार तय किये गये थे. विधानसभा चुनाव में भी उदयनिधि की पसंद के अनुसार टिकट बांटे गये. केंद्र सरकार के प्रति स्टालिन का रवैया, खास कर गुजरात चुनाव के बाद, भी खासा दिलचस्प है. वे नरेंद्र मोदी को क्षुब्ध करना नहीं चाहते हैं. द्रमुक के सहयोगी दल भी उसके लिए चिंताएं खड़ी कर रहे हैं. स्टालिन संतुलित राजनीति साधना चाहते हैं।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।


**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।




## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दिल समंदर जैसा रखना
साहब, देखना नदियाँ
खुद ही मिलने आयेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजयुमो ने फूंका पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला

**बांदा।** जनपद के बबेरू कस्बे पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के तत्वावधान में पाकिस्तान के विदेश मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करने के विरोध पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इसके बाद मुख्य चौराहे पर पहुंचकर पुतला दहन किया है। बबेरू मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय के अगुवाई में मढ़ी दाई मंदिर से पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला। कस्बे के मुख्य चौराहा पर पहुंचकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका और जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय विक्रम सिंह व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने अमर्यादित टिप्पणी किया है। जो देशवासियों में भारी जनाक्रोश व्याप्त है। पाकिस्तान हमारे देश के माफी मांगे। नहीं तो आधा घंटे में पाकिस्तान का नक्शा विश्व के मानचित्र से समाप्त कर दिया जाएगा। इसी का विरोध जताते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और मुख्य चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा भाजपा के जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्त, किसान मोर्चा जिला महामंत्री रामनरेश मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंह, राम प्रकाश साहू , युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष, देवानंद द्विवेदी, आकाश चौरसिया, रोमिल तिवारी, ध्रुव अवस्थी, राजा दीक्षित, अंकित शिवहरे, वेद मित्र, सौरभ शिवहरे, सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे है।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह,बोले- भगवा रंग आस्था का विषय, कोई भी व्यक्ति न करे खिलवाड़

**उरई/जालौन।** उत्तर प्रदेश के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जालौन पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, साथ ही निकाय चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से मुलाकात कर आगामी निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कोई भी भगवा रंग के साथ खिलवाड़ करता हैं, तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भगवा रंग उनकी आस्था का विषय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह झांसी कार्यक्रम में जा रहे थे, इसी दौरान उन्होंने जालौन के उरई में हाईवे स्थित एक रिसोर्ट में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की, साथ निकाय चुनाव में भाजपा को ज्यादा से ज्यादा सीट जिताने के लिए निर्देश दिए। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा निकाय चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। भाजपा हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है, इस बार निकाय चुनाव में पार्टी स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता अभियान स्मार्ट सिटी बनाने पर चुनाव लड़ेगी, जिससे ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल हो सके। वहीं उन्होंने से जब पूछा गया कि कांग्रेस सवाल उठा रही है कि चीन भारत की जमीन पर कब्जा कर रहा है और भाजपा रंग को मुद्दा बना रही है, तो उन्होंने कहा कि भगवा रंग उनकी आस्था का विषय है, कोई भी व्यक्ति, संस्था, भगवा रंग के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसीलिये कांग्रेस सेना का मनोबल तोड़ने के लिए ऐसे बयान दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश 1962 वाला नहीं है, यह 2022 का मोदी वाला देश है, भारतीय सेना को खुली छूट दी गई है, कोई भी भारत की एक इंच जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं कर सकता है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में अक्साई पर चीन ने कब्जा किया था, लेकिन मोदी शासन में कोई भी भारत की जमीन नहीं ले सकता। वही जब उनसे पूछा कि कांग्रेस सवाल खड़ी कर रही है कि सांसद मनोज तिवारी, सांसद रवि किशन और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ द्वारा अभिनेत्रियों के साथ भगवा रंग में गाना गाकर डांस किया जा रहा है, इस पर उन्होंने कहा कि भगवा रंग की आस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए कोई भी हो। यह हमारी आस्था का विषय है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

### 2 शिक्षिकाएं बर्खास्त,फर्जी अभिलेखों के आधार पर कर रही थी नौकरी

**बस्ती।** जिले में कूट रचित फर्जी अभिलेखों के आधार पर शिक्षिका के पद पर नौकरी कर रही 2 शिक्षिकाओं को बीएसए ने बर्खास्त कर दिया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए बीईओ को आदेशित किया गया है। बर्खास्त शिक्षकाओं से वेतन रिकवरी कराए जाने की भी कार्रवाई की जाएगी। बीएसए डॉ. इन्द्रजीत प्रजापति ने बताया कि गौर विकास खण्ड के महुआ डाबर प्राथमिक विघालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत प्रेमलता सिंह फर्जी अभिलेखों के आधार पर शिक्षिका के पद पर वर्ष 1994 से नौकरी कर रही थी। इनके विरूद्ध गोरखपुर जिले के कौड़ीराम ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विदघ्यालय भितहा में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत असली प्रेमलता सिंह ने शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि बस्ती में उनके अभिलेखों और पैन कार्ड का दुरूपयोग करते हुए कोई महिला फर्जी तरीके से नौकरी कर रही है, शिकायत बाद जांच कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़ा पकड़ में आया। कूटरचित ढंग से फर्जी अभिलेखों के आधार पर बस्ती जिले में 3 दिसम्बर 1997 को इनकी नियुक्ति होना पाया गया। वहीं सल्टौआ विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय दसिया में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत अनीता सिंह के पैरोल माडयूल पैरोल माड्यूल पर डाटा अपलोड करते समय इसी पैन नंबर पर जनपद मऊ के ख्वाजा जहांपुर नगर क्षेत्र में कार्यरत अनीता सिंह के नाम की एक अध्यापिका का नाम शो होने की बीईओ ने जानकारी दी। इसके बाद इसकी जांच कराई गई। हाईस्कूल के अंकपत्र के सत्यापन में अकिंत पते पर सत्यापन कराने पर प्रकाश में आया कि वास्तविक अनीता सिंह मऊ जनपद की हैं। उनके अभिलेखों के आधार पर कूटरचित ढंग से 13 नवम्बर 1994 को फर्जी शिक्षिका ने नियुक्ति पा ली थी। बीएसए ने बताया कि जांच उपरांत फर्जीवाड़ा की पुष्टि होने के बाद दोनों शिक्षिकाओं की सेवाएं समाप्त करते हुए उन्हे बर्खास्त कर दिया गया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए वेतन की रिकवरी कराई जाएगी।

### शहादत दिवस पर राजा उदय प्रताप नारायण सिंह को किया याद

**बस्ती।** राजा उदय प्रताप नारायण सिंह के शहीद दिवस पर नगर पंचायत नगर बाजार मे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बडी संख्या में लोग शामिल हुए। भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाए। राजकोट चौराहे पर तिरंगा यात्रा के पहुंचने पर सभा आयोजित कर राजा के आजादी के आन्दोलन में योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इससे पूर्व शहीद स्थली राजकोट दुर्गा मंदिर, नगर मुख्य चौराहे पर लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।भाजपा नेता विनोद कुमार शुक्ला ने कहा कि आज यह तिरंगा यात्रा शहीदों के सम्मान में निकाली गई है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुतियां देकर इस देश की एकता, अखण्डता को बरकरार रखा है। शहीदों और तिरंगे के सम्मान से हम कोई समझौता नहीं करेंगे। शहीदों की बदौलत ही आज भारत सीना तान कर खड़ा है। किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नगर बाजार में ध्वस्त किले के निकट शहीद राजा उदय प्रताप नारायण सिंह की एक आदमकद प्रतिमा है। नगर चौराहे पर भी एक प्रतिमा लगी है।नगर बाजार में आज भी ध्वस्त किले के अवशेष मौजूद हैं और उनके वंशज पोखरनी गांव में निवास करते हैं। कहा कि नगर रियासत के राजा शहीद उदय प्रताप नारायण सिंह वह शूरवीर थे, जिन्होंने मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। बौखलाए अंग्रेजों ने तोपों से उनके महल को खण्डहर बना दिया। परिजनों और समर्थकों को अमानवीय यातनाएं दीं। फिर भी उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की। धोखे से पकड़े जाने पर खुद ही कटार घोप कर अपनी जान दे दी।इस दौरान नागेन्द्र बहादुर सिंह, राम सूरत दुबे, रंजीत श्रीवास्तव, राना प्रदीप सिंह, राहुल पंडित, प्रदीप सिंह, बब्बू पाण्डेय, जितेन्द्र सिंह, गंगा कसौधन, अकरम, फरीद अहमद, इरफान अहमद, गंगा प्रसाद, डॉ.सुरेन्द्र शर्मा, सोनू सोनकर, विजय दुबे, विजयकांत दुबे, अमन कुमार, सुनील गुप्ता, अशोक बाबा, निजाम, सेराज अहमद, बलिकरन निषाद, प्रदीप निषाद, रामनाथ सोनकर और रामदास मौर्य आदि मौजूद रहे।

# कोहरे के कहर : हादसे बढ़े, रेंग- रेंगकर चल रही गाड़ियां

संवाददाता

**लखनऊ।** कोहरे के कहर शुरू हो गया है। मार्ग दुर्घटनाओं के कारण लोगों में डर से समा गया है। जगह-जगह वाहनों के टकराने की घटनाये हुई। उत्तर प्रदेश में घने कोहरे से कोहराम मचा हुआ है। आज सोमवार तड़के एक के बाद एक कई हादसे होने से दो लोगों की मौत और 6 स्कूली बच्चे घायल हो गये है। हाथरस में दृश्यता कम होने से एक के पीछे एक चल रहे 6 वाहन टकरा गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटाया।मैनपुरी के थाना बिछवां क्षेत्र के गांव बलारपुर में हाईवे पर सोमवार तड़के आलू की बोरियों से ले जा रहा ट्रैक्टर-ट्राली समेत पलटने से दो लोगों

**मैनपुरी में ट्रॉली पलटी,दो लोगों की मौत**
**अन्य घटनाओं में दर्जनों लोग जख्मी**
**हापुड़, हाथरस,मैनपुरी और बरेली में भी हुई दुर्घटनाये**

की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की वजह तेज रफ्तार के साथ घना कोहरा बताया जा रहा है। रायबेरली में मैजिक की लोडर से भिड़ंत में 6 बच्चे घायल हुए हैं। सोमवार तड़के बच्चों को स्कूल लेकर जा रही मैजिक गाड़ी कोहरे में दृश्यता कम होने के चलते एक लोडर से भिड़ गई। आमने-सामने की भिड़ंत में स्कूल वाहन में बैठे 6 बच्चे जख्मी हो गए। हादसा सलोन कोतवाली के बगहा रेवली मार्ग पर



हुआ।हाथरस में एक के बाद एक 6 गाड़ियां आपस में टकराई। घने कोहरे के चलते हाथरस में भीषण सड़क हादसा हो गया।सोमवार तड़के सिकंदराराऊ क्षेत्र के मंडी समिति ब्रिज के पास एक के बाद एक 6 गाड़ियां आपस में टकरा गई। सड़क हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। सिकन्द्राराऊ पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटवाया।उत्तर प्रदेश के हापुड़ में दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। रात को ही कोहरे से अचानक यूपी के हाथरस जिले में भी मौसम सर्द हो गया। कोहरे ने सड़कों पर वाहन चलाने वालों और राहगीरों के सामने भी मुश्किलें पैदा कर दी।दोपहिया और चौपहिया वाहनों को चलाने वालों को दूर तक कोहरे की सफेद चादर दिखाई दे रही थी।कोहरे की वजह से वे रेंग रेंग कर चल रहे थे। रात को यहां सिकंदराराऊ क्षेत्र में जीटी रोड पर मंडी के पास कोहरे के चलते आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए।इस दुर्घटना में आधा दर्जन लोग चोटिल हुए हैं।दुर्घटना के बाद राहगीरों और पुलिस ने बचाव कार्य किया।हापुड़ में सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया, घने कोहरे के कारण एक गाड़ी पलट गई थी जिससे लगभग 12 वाहन आपस में टकराए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। रोड को क्लीयर कर दिया गया है।वहीं फिरोजाबाद में भी कोहरे का कहर देखने को मिला। कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गए। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस प्रशासन ने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को साइड में किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। शिकोहाबाद और सिरसागंज क्षेत्र के गांव पचपेड़ा से धातरी तक नेशनल हाईवे 2 पर घने कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए जिससे काफी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हैं जिनको हॉस्पिटल पहुंचाकर इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त वाहनों को जेसीबी द्वारा साइड में करवाया । कोहरा इतना ज्यादा था कि ग्रामीण लोगों को चिल्ला चिल्ला कर आगाह कर रहे थे कि वाहन को धीरे से चलाएं, आगे काफी वाहन खड़े हुए हैं। एक गाड़ी चालक ने बताया कि मैं गाड़ी बैक कर रहा था तभी गाड़ियां आपस में टकरा गई। यहां 10 से अधिक गाड़ियां टकराई हैं, दो-तीन लोग तो मेरे सामने घायल हुए हैं।

## फटे जूते, सिली चप्पल और बिना स्वेटर, स्कूलों में ठंड से ठिठुर रहे 9 लाख बच्चे

**उरई/जालौन।** दिसंबर का महीना सुबह का तापमान 6-7 डिग्री तक पहुंच चुका है। जालौन के घुसिया गांव का मुन्नू हाथ में झोला, पैर में फटे जूते और विंटर ड्रेस के नाम पर सिर्फ शर्ट पहने सरकारी स्कूल की ओर जा रहा है। ठंड लगने की वजह से कहीं पर आग जलती देखता है, तो राहत पाने के लिए बैठ जाता है। लेकिन क्लास पहुंचने में देर न हो जाए तो फिर से चल देता है। रिपोर्टर ने मुन्नू से पूछा.. क्यों तुम्हारा स्कूल स्वेटर और जूते कहां हैं। वह बोलता है अभी नया नहीं है। पापा के अकाउंट में पैसा नहीं आया है। मामला जालौन के घुसिया गांव का नहीं है, बल्कि यूपी के ज्यादातर सरकारी प्राथमिक स्कूलों का है। यहां बच्चे आंखों में बड़े सपने लेकर स्कूल जाते हैं, लेकिन छोटी-छोटी कमियां उनके इन सपनों को पूरा होने से रोकती हैं। इस समस्या पर भास्कर ने कई बच्चों के माता-पिता से भी बात की। उनका कहना है कि अभी ठंड कम है। इसलिए बच्चों को नहीं रोक रहे हैं। बढ़ने पर देखते हैं क्या करते हैं। हमारे पास इतना पैसा तो है नहीं कि बच्चों को स्वेटर-जूते दिलाएं। दरअसल, सरकारी स्कूल के बच्चों को ड्रेस, जूते, बैग और स्टेशनरी के लिए मिलने वाले पैसों की सच्चाई जानने भास्कर रिपोर्टर फतेहपुर, उन्नाव, मिर्जापुर, हरदोई, फिरोजाबाद, संभल, ललितपुर, जालौन और गाजीपुर समेत 75 जिलों के 315 स्कूलों तक पहुंचे। वहां स्कूल के प्रिंसिपल, बच्चों के अभिभावकों से बात की। बातचीत में निकलकर आया कि स्कूल के बस कुछ ही बच्चों के खाते में 2022-23 में ड्रेस के लिए मिलने वाले 1200 रुपए आए हैं। वहीं, कुछ अभिभावकों के खाते लिंक नहीं हो पाए। सिर्फ यही नहीं, कुछ जगह बच्चों के माता-पिता को पैसा मिल गया है। लेकिन, वह उन पैसों से दूसरे सामान खरीद लाए हैं।

### खेत की मेड़ में ईंटा गाडने पर दो पक्षों में लाठी-फरसे

**बांदा।** खेत की मेड़ पर ईंट गाडने के विवाद में दो पक्षों के बीच लाठी-फरसे चल गए। दोनों पक्ष से तीन-तीन लोग गंभीर घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जसपुरा थाना क्षेत्र के नांदादेव गांव में सोमवार को सुबह लल्लू कुशवाहा और बजरंगा कुशवाहा के बीच खेत की मेड़ में ईंट लगाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक पक्ष से यशोदा देवी (50) पत्नी लल्लू कुशवाहा, लल्लू कुशवाहा (52) पुत्र छोटा कुशवाहा और शिवबली (22) पुत्र लल्लू कुशवाहा घायल हो गए। दूसरे पक्ष से गंगा देवी (30) पत्नी बजरंगा कुशवाहा, बलराम (25) पुत्र बजरंगा कुशवाहा व आशा (30) पत्नी चंद्रकेश कुशवाहा घायल हो गए। यशोदा की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल लल्लू ने बताया कि थाने में तहरीर नहीं दी है। इलाज कराने के बाद तहरीर दी जाएगी। जसपुरा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा है।

## मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स-240 की सेरेमोनियल परेड का आयोजन

**युवा पेशेवरों को चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों के रुप में उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक गहन चिकित्सा प्रक्षिषण दिया जाता**

संवाददाता



**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स-240 के सफल समापन पर सोमवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में एक सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया गया। सप्ताह के इस पाठ्यक्रम के माध्यम से दंत चिकित्साअधिकारियों को प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करने और युवा पेशेवरों को चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों के रुप में उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक गहन चिकित्सा प्रक्षिषण दिया जाता है। इस कोर्स में 28 महिलाअधिकारियों सहित 116 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें तीनों सैन्य सेवाओं का प्रतिनिधित्व है। यह उल्लेख करना अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि मित्र देशों के साथ सैन्य राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए, इस कॉलेज को मित्रवत देशों के अधिकारियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में शामिल करने का महती उत्तर दायित्व और अवसर दिया गया है। मित्र विदेशी देशों के 04 अधिकारियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया, जिसमें लेसोथो के 01 अधिकारी, साउथ अफ्रीका के 01 अधिकारी और भूटानके 02 अधिकारी शामिल हैं। पूरी सैन्य परंपरओं और सटीकता के साथ आयोजित इस सेरेमोनियल परेड की समीक्षा मेजर जनरल जेपी प्रसाद, कमांडेंट एवं चीफइंस्ट्रक्टर, ऑफिसर ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ द्वारा की गई। कैप्टन एम गायत्री को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ समग्र अधिकारी घोषित किया गया और कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और कैप्टन अंश श्रीकांत चवन को फील्ड इवेंट्स में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी होने के लिए मेजर लैश राम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

## कोहरे से 24 वाहन टकराए, 2 की मौत, 40 से ज्यादा घायल

**कोहरे के कारण 5 किलोमीटर के क्षेत्र में दर्जनों वाहन आपस में भिड़े**

**अलीगढ़।** जिले में अकराबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कोहरे ने जमकर कहर बरपाया। कोहरे के कारण 5 किलोमीटर के क्षेत्र में दर्जनों वाहन आपस में भिड़े और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं दो की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची अकराबाद पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घायलों को नजदीक के अस्पताल में भेजा। जहां से कई लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे पनेठी क्षेत्र के पास एनएच-91 (दिल्ली से कानपुर) मार्ग पर हुए हैं। एनएच-91 से गुजरने वाले लोगों के लिए सोमवार की सुबह ठीक नहीं रही। 5 किलोमीटर के इलाके में लगातार वाहनों की भिड़ंत होती गई और लोग घायल होकर सड़क पर ही पड़े रहे। कोहरे के कारण लोगों को कुछ भी नजर नहीं आ रहा था और पीछे से आने वाले वाहन भी टकराते जा रहे थे। सुबह 9 बजे के बाद जब कोहरा कुछ छंटना शुरू हुआ तो आसपास के ग्रामीण और रास्ते से गुजरने वाले लोगों ने घायलों की मदद करनी शुरू की और तत्काल पुलिस को सूचना दी। लेकिन कई घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंच पाई। ऐसे में राहगीरों और ग्रामीणों ने लोगों को टेंपो और ऑटो में बैठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। कोहरे का कहर इतना ज्यादा था कि एक दो नहीं लगभग 25-30 बड़े और छोटे वाहन आपस में टकरा गए। जिसमें दो लोगों की जान गई है और 40 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस भी कोहरे के कहर से नहीं बच पाई।
लोगों की मदद के लिए पहुंची पुलिस की जीप में भी वाहन टकरा गए। जिससे इसमें सवार पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे।

### फर्जी बैनामा करने के दो आरोपी गिरफ्तार, कई दिनों से थी तलाश

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने आधार कार्ड में मृत व्यक्ति के स्थान पर नाम संशोधित कर स्वयं विक्रेता बनकर कूटरचित तरीकों से फर्जी बैनामा करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हर्रैया थाने पर सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय और थाना प्रभारी शैलेश सिंह ने यह जानकारी दी। सीओ ने बताया कि आरोपी रंजीत मिश्र निवासी बटौली थाना छावनी और बहादुर उर्फ सोखा निवासी बनगवा खास थाना परशुरामपुर पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों आरोपियों को रविवार को पुलिस टीम ने दिन में करीब डेढ़ बजे मुरादीपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह, एसएसआई सुरपति त्रिपाठी, एसआई अशोक चंद, आरक्षी दुर्गेश सिंह, पवन यादव शामिल रहे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**बांदा।** शहर के चिल्ला चौराहे के समीप स्थित अवनी परिधि हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का चेकअप करके निशुल्क परामर्श देंगे। यह शिविर 20 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक लगाया जाएगा। इस महा शिविर में आने वाले सभी लोगों का इलाज मुफ्त किया जाएगा, जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रबंधक अवनेश सिंह ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिए ओपीडी से संबंधित सुविधाएं निशुल्क रहेंगी। इसके अलावा खून की जांच में भी 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी, जबकि अल्ट्रासाउंड सिर्फ महिलाओं के लिए 300 रुपए में कराया जाएगा। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता सिंह, गुर्दा रोग व मूत्र रोग के विशेषज्ञ डॉ एस त्रिपाठी, फिजीशियन एवं सघन रोग विशेषज्ञ डॉ सुशील कुमार, बाल्य रोग संबंधित सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉ ए मिश्रा, सघन रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया दीक्षित, नाक, कान, गला से संबंधित सभी प्रकार के रोगों के इलाज व ऑपरेशन के विशेषज्ञ डॉ. ईशान दीक्षित शिविर में आने वाले मरीजों का चेक अप करने के बाद निशुल्क परामर्श देंगे। गरीबों के लिए इस तरह की सुविधा मिलना बड़ी बात है।

## विद्या ज्ञान परीक्षा में 576 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**उरई/जालौन।** विद्या ज्ञान परीक्षा जिले के दो केंद्रों में हुई। सुबह की पाली में छात्राओं ने परीक्षा दी। इसमें 928 पंजीकृत छात्राओं में 606 छात्राएं परीक्षा देनी पहुंची और 322 गैरहाजिर रहीं। जबकि शाम की पाली में छात्रों की परीक्षा थी। इसमें 1041 छात्र पंजीकृत थे। 787 ने परीक्षा दी और 254 गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में 576 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। विद्या ज्ञान परीक्षा के लिए जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जालौन के छत्रसाल इंटर कालेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र में कुठौंद, जालौन, माधौगढ़ और रामपुरा ब्लाक के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि उरई के जीआईसी में बनाए गए परीक्षा केंद्र में डकोर, कदौरा, महेबा, कोंच और नदीगांव ब्लाक के बच्चों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा कक्षा पांच में अध्ययनरत बच्चों की थी। जिनका विद्या ज्ञान परीक्षा में कक्षा छह में प्रवेश होगा। डीआईओएस राजकुमार पंडित और बीएसए सचिन कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## कानपुर के भाइयों ने मारी थी संघ पदाधिकारी को गोली

**अलीगढ़।** जिले में आरएसएस के नगर कार्यवाह को कानपुर के दो सगे भाइयों ने गोली मारी थी। गोली मारने के बाद आरोपी उसकी बाइक और बैग लूटकर ले गए थे। इसके बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान में जुटी थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की बुलेरो कार और उनके फोटो जारी किए थे और उनके ऊपर इनाम भी घोषित कर दिया था। रविवार देर रात पुलिस की टीमें आरोपियों के

- **गोली मारने के बाद आरोपी उसकी बाइक और बैग लूटकर ले गए थे**
- **पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान में जुटी**

सासनीगेट स्थित सांई विहार स्थित मकान पर पहुंची, जहां से लूटी गई बाइक बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। मडराक थाना क्षेत्र निवासी नवनीत कुमार मडराक के दाऊजी नगर के आरएसएस नगर कार्यवाह हैं। वह 16 दिसंबर की रात को सासनीगेट के हाथरस अड्डे स्थित दुकान बंद करके बाइक से घर जा रहे थे। देर रात मुकुंदपुर गांव के नजदीक मडराक टोल प्लाजा पर पहुंचे थे कि पीछे से एक बुलेरो ने उन्हें ओवरटेक किया और रोक लिया। बुलेरो से दो बदमाश उतरे और उन्होंने नवनीत को रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। इसके बाद दोनों ने उनके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। नवनीत बाइक छोड़कर खेतों की ओर दौड़े, लेकिन एक गोली उनकी पीठ में जा धंसी थी। जिसके बाद उन्होंने अपने भाई को फोन करके बुलाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद एसएसपी कलानिधि नैथानी तत्काल मौके पर पहुंचे थे और नवनीत को गोली मारने वालों की जांच शुरू की थी।

**प्रदेश में 200 हेल्थ एटीएम के स्थापित, जांच के साथ टेलीकंसल्टेशन से मिलेगी दवा**

# हेल्थ एटीएम से लैस होंगे यूपी के सभी स्वास्थ्य केंद्र

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने 200 स्वास्थ्य यूनिट्स में एक्सपर्ट कर्मियों के साथ हेल्थ एटीएम को स्थापित कर दिया है। सरकार का लक्ष्य जल्द से जल्द प्रदेश के सभी 4600 वेलनेस सेंटर पर हेल्थ एटीएम स्थापित करने का है, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाल ही में सार्वजनिक घोषणा भी कर चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री के निर्देश पर हेल्थ एटीएम के साथ ही टेलीकंसल्टेशन की सुविधा भी अतिशीघ्र प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने लगेगी। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सितंबर महीने में प्रदेश के पहले हेल्थ एटीएम का उद्घाटन करते हुए यूपी की स्वास्थ्य सेवाओं में अहम बदलाव की नींव रखी थी। प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में स्थापित हेल्थ एटीएम मशीनों को संचालित करने के लिए प्रदेशभर के 200 स्वास्थ्यकर्मियों




का प्रशिक्षण बीते दिनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मुख्यालय में संपन्न हुआ है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थसारथी सेन शर्मा के अनुसार आने वाले वक्त में स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए तकनीक का बेहतर उपयोग किए जाने के लिए हेल्थ एटीएम बहुत कारगर सिद्ध होंगे। साथ ही प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे। उन्होंने बताया कि इन एक्सपर्ट स्वास्थ्यकर्मियों के जरिए 30 तरह की जांचों की रिपोर्ट बहुत कम समय में मरीजों को प्रिंटआउट, वाट्सऐप, ई-मेल और एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही साथ जांच के रिजल्ट को टेलीमेडिसिन हब पर डॉक्टरों के द्वारा साझा किया जाएगा। इससे इलाज में समय की बचत होगी और एक ही छत के नीचे जांच व इलाज उपलब्ध होने से मरीज के तीमारदारों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

प्रमुख सचिव के अनुसार जिन स्थानों पर हेल्थ एटीएम की स्थापना की गयी है, वहां यदि चिकित्सक की तैनाती नहीं है, ऐसी स्थिति में टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श प्रदान किए जाने का भी प्रावधान है। अधिकारी के अनुसार जिन 200 स्थानों पर हेल्थ एटीएम लगाए गये हैं वहां निर्धारित जांच के बाद वीडियो कंसल्टेशन की सुविधा शुक्रवार से शुरू कर दी गयी है। इसमें डॉक्टरों की ओर से मिलने वाले मेडिकल प्रिस्क्रप्शन को मरीज के फोन पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हेल्थ एटीएम के संपूर्ण संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे। साथ ही हेल्थ एटीएम द्वारा ई संजीवनी में उपलब्ध चिकित्सकों के जरिए टेलीकंसल्टेशन सेवाएं प्राप्त किये जाने का प्रावधान भी प्रक्रियाधीन है।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय के नवगठित छात्रा परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

## छात्रा परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह महाविद्यालय के प्राक्टोरियल बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया

संवाददाता

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय, में सत्र 2022,23 में नवगठित छात्रा परिषद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह महाविद्यालय के प्राक्टोरियल बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने की. कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ. दीप प्रज्जवलन के बाद अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और पौध भेंट करके किया गया. चयनित छात्राओं को प्राचार्या द्वारा पद और




गोपनीयता की शपथ दिलाई गई. एवं बैच वितरित किये गये। अध्यक्ष पद के लिए खुशी सिंह, उपाध्यक्ष, तनु सारस्वत, शिवांशी श्रीवास्तव, सुप्रिया, सचिव पद के लिए रश्मि, संयुक्त सचिव पद के लिए रिमझिम गुप्ता, वर्षा यादव, सकाय प्रतिनिधि, सोनल सिंह, श्रेया श्रीवास्तव, अंकिता, आयुषी शर्मा, बी ए, बी एस सी, बी एड, बी. काम सभी सकायों से चयनित की गयीं। अनुशासन प्रभारी अंजलि राय, आरती, नशरा,शिवांगी सौम्या, श्वेता, यशस्वी, मुस्कान, सुहानी साहू को चयनित किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद के सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा नेतृत्व समाज के हर क्षेत्र में आवश्यक होता है. हमारे महाविद्यालय से ही इसकी शुरुआत होती है जब हम स्नातक में पढते है और उच्च शिक्षा के लिए प्रयास करते हैं तो हमें अपने अधिकार के साथ कुछ कर्तव्यों का भी पालन करना होता है.इस कार्य में शिक्षक हमारा मार्गदर्शन करते हैं. महाविद्यालय में किये गए छोटे-छोटे कार्य हमें एक दिन उस ऊंचाई पर ले जाते हैं जिसका स्वप्न हर युवा देखता है। आज नयी शिक्षा प्रणाली ने हमारे पंख खोल दिये हैं। जिसमें अनेक संभावनाएं है अनेक अवसर हैं। भारतीय संस्कृति सदैव वसुधैव कुटुंबकम के मूल मंत्र से प्रेरित है आज का भारत नया भारत है. हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी संस्कृति की रक्षा करें.आज भारत में परिवर्तन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत सामने है. जो प्रगति की धारा आगे बढ़ी है उसे हमें और आगे बढ़ाना है.और यह परिवर्तन केवल शिक्षा से ही संभव है.आज भारत भी हैपीनेस इंडेक्स में अपना स्थान बना रहा है। इस अवसर पर कोविड के समय की छात्रा परिषद के सदस्यों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद देते हुए कहा कि कभी कभी छात्राएं महाविद्यालय में संकोच वश अपनी बात नहीं कहतीं इसके लिए छात्रा परिषद का गठन किया जाता है जिससे वे खुलकर अपनी बात, अपनी समस्या कह सकें. उन्होंने सभी चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी. डा संगीता कोतवाल ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन दिया और डा मेजर मनमीत कौर सोढी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया.इस अवसर पर प्रोक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्य डा सीमा पांडे, डा नेहा अग्रवाल, डा आभा पाल, डा प्रतिभा सिंह उपस्थित रहें. महाविद्यालय की प्रवक्ताएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## फिल्म पठान के पोस्टर पर दीपिका की जगह लगाई सीएम योगी की मॉर्फ्ड फोटो, एफआईआर दर्ज

संवाददाता

**लखनऊ।** पठान फिल्म विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर दीपिका पादुकोण की जगह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मॉर्फ्ड तस्वीर लगाने पर लखनऊ के साइबर थाने में दर्ज हुई है। अब इस मामले में डीजीपी मुख्यालय की साइबर टीम को जांच के लिए लगाया गया है। साइबर थाने के हेड कांस्टेबल की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर आईपीसी की धारा 295।और आईटी एक्ट की धारा 66 में दर्ज हुई। एफआईआर ट्विटर हैंडल /ितैत्ज्ञत्रह्मर दर्ज हुई है।जानकारी मुताबिक पठान फिल्म का विवाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पास पहुंच चुका है। फिल्म से बेशर्मरंग गाना हटाने को लेकर आयोग से शिकायत की गई है। यह शिकायत दानिश खान ने दर्ज कराई है। पठान फिल्म से बेशर्म रंग गाना हटाये जाने की मांग की शिकायत में कहा गया है कि जिसे लोग भगवा बोल रहे है वह दरअसल मुस्लिम समुदाय के लिए भी बहुत मायने रखता है। यह मुस्लिम समुदाय के लिए चिश्ती रंग भी है। हालांकि पठान फिल्म के बेशर्म रंग गाने को हिंदू-मुस्लिम एकता की भावनाओं को आहत करने वाला बताया गया है।

# डीएम खरीदकर बांटे कम्बल और जलवायें अलाव

संवाददाता

- ठंड से बचाव को लेकर मुख्यमंत्री का अफसरों को फरमान
- खुले आसमान के नीचे सोता न मिले कोई होगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलों के जिलाधिकारियों को रैन बसेरों के साथ ही निराश्रितों, बुजुर्गों और यात्रियों सहित आम जनजीवन की ठंड से बचाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तत्काल कंबल की खरीद करने को कहा है। अलाव जलाने का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार की ओर से की जाने वाली इंतजामों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कंबल की खरीद समय से करके जरूरतमंदों में वितरण शुरू कराएं। सीएम ने कहा कि कंबल और राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद, विधायक, नगर निकायों के महापौर और चेयरमैनों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराए जाएं। अब तक बने रैन बसेरों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने डीएम को निरंतर रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करने और जरूरत के मुताबिक राहत सामग्री की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएम यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोता हुआ न मिले। रैन बसेरों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, निरंतर सैनिटाइजेशन कराने को कहा है। रैन बसेरों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने जरूरत के मुताबिक अस्थाई रैन बसेरे बनाने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के समुचित प्रबंध करने को भी कहा है।

# सुरक्षा गार्डों से विवाद के बाद विश्वविद्यालय में फायरिंग, पथराव में कई छात्र घायल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्याल में छात्रों और सुरक्षा गार्डों के बीच विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग की गई, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फट गया है। छात्रों का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने कई राउंड फायरिंग की है। छात्रों का आरोप है कि छात्र नेता विवेकानंद पाठक यूनिवर्सिटी परिसर स्थित बैंक में जाने के लिए पहुंचे थे तभी गार्डों ने गेट खोलने से मना कर दिया। इसी को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद यूनिवर्सिटी के 200 से अधिक गार्डों ने गेट बंद



करके छात्रों को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। इसमें विवेकानंद पाठक अमित कुमार एलएलबी का छात्र समेत आधा दर्जन छात्र चोटिल हुए हैं। जिसके बाद आक्रोशित होकर छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इलाहाबाद विवि में बवाल के बाद डीएम संजय खत्री भारी फोर्स के साथ कैंपस में पहुंचे। छात्रों ने विवि की कैंटीन में आग लगा दी है और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। बड़ी संख्या में छात्र परिसर में उपद्रव कर रहे हैं जिन्हें पुलिस फोर्स काबू करने का प्रयास कर रही है। आक्रोशित छात्र वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। कई थानों की पुलिस परिसर में पहुंच गई है।

पुलिस कमिश्नर सुमित शर्मा ने खुद मोर्चा थाम लिया है। भारी फोर्स के साथ वह विवि परिसर पहुंच गए। छात्रों के बवाल के बाद विवि में फोर्स बढ़ा दी गई है। कुलपति कार्यालय पर रखे गमलों को तोड़ दिया गया।

## सड़क पर दौड़ी मौत, ठेकेदार व चचेरे भाइयों समेत पांच की गई जान

**प्रयागराज।** जनपद में रविवार को चार अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की जान चली गई। कीडगंज में बालू ठेकेदार मो. आरिफ (35) को ट्रक ने कुचल दिया। वहीं हंडिया के बरौत में बेकाबू कार बाइक सवार दो चचेरे भाइयों के लिए काल बन गई। उधर दारागंज व खुल्दाबाद में भी एक-एक लोगों की मौत हो गई। बालू ठेकेदार आरिफ करेली के चेतना गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास स्थित अकामा कॉलोनी में रहता था। वह शनिवार देर रात जीटी जवाहर चौराहे के पास साइट पर गया था। वहां से रात एक बजे के करीब वह बाइक से लौटने लगा। बांगड़ चौराहे पर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। उसे ट्रक समेत थाने लाया गया। उधर, जानकारी पर ठेकेदार की पत्नी नगमा भी आ गई। कीडगंज इंस्पेक्टर राममूर्ति यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही ट्रक भी सीज कर दिया गया है। उधर हंडिया के बरौत में हुए हादसे में चचेरे भाइयों की मौत हो गई। फूलपुर के भमई हुसामगंज गांव निवासी सुशील मौर्य (21), उसके चचेरे भाई विवेक (30) और परिवार का ही रितेश (18) एक ही बाइक से भदोही स्थित सीतामढ़ी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। वह बरौत में कोखराज-हंडिया हाईवे पर चकमदा गांव के सामने पहुंचे थे कि तभी पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। विवेक व सुशील सड़क पर गिरे और कार दोनों को रौंदते हुए निकल गई। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, बाइक सवार तीसरा युवक रितेश भी गंभीर चोटिल हुआ। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## सिविल लाइंस में सड़कों पर वाहनों की कतार, मल्टी लेवल पार्किंग में अवैध कार बाजार

**प्रयागराज।** मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण इसलिए कराया गया ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जा सके। सिविल लाइंस बाजार से जाम खत्म हो और असुरक्षित तरीके से वाहन पार्क करने की लोगों की आदत भी बदले, लेकिन जाम तो नहीं खत्म हुआ, सरकार की इस पार्किंग में अवैध कारोबार जरूर शुरू हो गया। यह कारोबार पुरानी कारों की बिक्री का है, जो पार्किंग के संचालन के लिए जिम्मेदार नगर निगम की नाक के नीचे हो रहा है।

कैसे हो रहा है यह अवैध कारोबार, इसे ही जानने के लिए रविवार को अमर उजाला की टीम सुभाष चौराहे के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पहुंची। इस दौरान एक-एक कर अवैध कारोबार की परत दर परत खुलती चली गई। मल्टी लेवल पार्किंग में चल रहा कार बाजार। हमें सबसे पहले मल्टीलेवल पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर पर प्रीपेड किओस्क के पास एक कर्मचारी बैठा दिखा। वह गाड़ियों के नंबर का मिलान अपने रजिस्टर से करने के बाद ही पार्किंग से गाड़ियां निकलने दे रहा था। कुछ देर बातचीत के बाद रिपोर्टर ने कहा कि उसे एक सेकंड हैंड कार खरीदनी है। इस पर उसने सवाल किया कि उसे किसने भेजा है। रिपोर्टर ने कहा कि एक जानने वाले ने बताया है कि मल्टीलेवल पार्किंग में पुरानी कारें बिकती हैं।उसने नाम पूछा तो रिपोर्टर ने कहा कि रविंद्र नाम के शख्स ने उसे भेजा है। इस पर कर्मचारी ने कहा कि आज रविवार है, ऐसे में कल आइए। रिपोर्टर ने कहा कि वह 30 किमी दूर मेजा से आया है और दोबारा आने में दिक्कत होगी।

## इकला से लापता हुए तीन किशोर गढ़मुक्तेश्वर में मिले

**मसूरी।** वेवसिटी थाना क्षेत्र के गांव इकला से शनिवार शाम लापता हुए तीन किशोरों को पुलिस ने 24 घंटे में खोज निकाला। पुलिस ने तीनों को गढ़मुक्तेश्वर से बरामद किया है। वेव सिटी क्षेत्र के एसीपी ने तीनों किशोरों को परिजनों को सौंप दिया है।

शनिवार शाम तीनों किशोर एक बाइक पर चाऊमीन और चिली पटेटो खाने निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी उनका सुराग न मिला तो इनमें से एक के पिता ने रविवार सुबह वेव सिटी पुलिस को सूचना दी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरों की तलाश में पांच टीमें लगाई। एसीपी वेव सिटी रवि प्रकाश सिंह का कहना है कि तीनों छात्रों की लोकेशन की जानकारी करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज लेकर खंगाली गई। उनकी आखिरी लोकेशन हाईटेक कॉलेज के पास मिली थी।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राज्यपाल आनंदीबेन, राज्य विवि के दीक्षांत समारोह में लेंगी हिस्सा

**प्रयागराज।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंच रही हैं। वह मंगलवार को प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राज्यपाल सोमवार को सायं प्रयागराज पहुंच जाएंगी। उनके लिए सर्किट हाउस में गवर्नर सूट आरक्षित किया गया है। सोमवार रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। सायंकाल वह क्लाइव रोड पर स्थित अमिताभ बच्चन के बंगले को देखने के भी जा सकती हैं। हालांकि इसका अभी आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में 145 मेधावियों को 150 पदक वितरित किए जाएंगे।



खास यह कि 62 फीसदी पदकों पर बेटियों ने कब्जा किया है। दीक्षांत समारोह 20 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे नैनी स्थित विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में बीसीए के छात्र अनुराग राय को कुलाधिपति सहित तीन स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि इसरो के पूर्व चेयरमैन पद्म विभूषण डॉ. कष्णस्वामी कस्तूरीरंगन होंगे, जबकि अध्यक्षता राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी बतौर विशिष्ट अतिथि समारोह में शामिल होंगी।

राज्य विवि के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 54 छात्रों को 57 पदक और 91 छात्राओं को 93 पदक दिए जाएंगे। कुल 150 पदकों में एक कुलाधिपति पदक, 44 स्वर्ण, 46 रजत, 55 कांस्य, दो गुलाटी स्वर्ण पदक एवं दो छात्र हितैषी विशाल दत्ता दानदाता पदक शामिल हैं। 44 स्वर्ण पदकों में 21 पदक छात्र एवं 23 पदक छात्राओं को मिलेंगे। वहीं, 46 रजत पदकों में 17 पदक छात्र एवं 29 पदक छात्राओं को दिए जाएंगे।

## मृतक की पत्नी शालिनी ने अखिलेश यादव को लिखा पत्र

# बलवंत हत्याकांडः अपने ही थानेदार पर दर्ज करनी पड़ी एफआईआर

- बलवंत के परिजनों से मिलने जा पहुँचे अखिलेश यादव

लखनऊ। कानपुर देहात में एक इंस्पेक्टर पर उसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। विगत 12 दिसंबर को शिवली और रानियां थाने की पुलिस ने कानपुर देहात के व्यापारी बलवंत सिंह को उठाया था। व्यापारी से लूट की वारदात को कबूल करवाने के लिए रस्सी से बांधकर थाने के अंदर ही डंडों से पिटाई की गई जिससे व्यापारी की मौत हो गई। परिजनों ने बलवंत की मौत के बाद जमकर हंगामा किया तो पुलिस हरकत में आई।परिजनों के द्वारा पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए कई साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसमें साफ दिखाई दे रहा है कि बलवंत के शरीर पर चोट के कई निशान हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी खुलासा हुई की बेरहमी से पिटाई के बाद ही बलवंत की मौत हुई है। हंगामा बढ़ता देखकर 13 दिसंबर को रानियां थाने के इंस्पेक्टर शिव प्रकाश सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया। सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मियों को भी हत्या के आरोप में नामजद किया गया। जिन पुलिसकर्मियों पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है इसमें शिव प्रकाश सिंह के अलावा थाना प्रभारी शिवली राजेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, मैथा पुलिस चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय, सिपाही महेश गुप्ता शामिल हैं। सभी पुलिसकर्मी फरार हैं। व्यापारी बलवंत सिंह की पत्नी शालिनी ने यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगाई। शालिनी ने अखिलेश यादव को बड़ा भाई बताते हुए पत्र भेजा है ,जिसके बाद अखिलेश यादव आज सोमवार को बलवंत के घर पहुंचने का प्लान बनाया। शालिनी ने अपने पत्र में लिखा है कि पुलिस ने हिरासत में उनके पति को मार दिया। अब आपको मुझे इंसाफ दिलाने के लिए मेरे घर आना होगा। मेरे पति की मौत के मामले में न्याय के लिए आप मेरे साथ खड़े हों। मैं आपकी आभारी रहूंगी। इसके बाद आपकी छोटी बहन शालिनी लिखकर पत्र को खत्म किया गया। शालिनी की ओर से लिखे गए इस पत्र को अखिलेश यादव ने गंभीरता से लिया। आज अपने वादे के मुताबिक सपा चीफ अखिलेश यादव बलवंत के परिजनों से मिलने जा पहुँचे। शिवली के मैथा क्षेत्र में सराफ और खाद व्यापारी चंद्रभान सिंह ने बाइक सवार बदमाशों से 6 दिसंबर को लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को खुलासा करने के लिए ही एसओजी और शिवली थाना पुलिस के द्वारा संदेह के आधार पर 5 लोगों को हिरासत में लिया गया था। बलवंत भी शामिल था।

## संक्षिप्त समाचार

### रविकिशन की फिल्म को अनुदान, जाँच समिति गठित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर की शिकायत के आधार पर फिल्म बंधु,उत्तर प्रदेश द्वारा भोजपुरी फिल्म पंडितजी बताई न ब्याह कब होई-2 को गलत ढंग से अनुदान देने के आरोपों की जाँच करवा रही है। यह जानकारी फिल्म निर्माण अधिकारी, उत्तर प्रदेश संजय कुमार अस्थाना ने दिनांक 15 दिसंबर 2022 की अपनी आख्या में दी। नूतन ने कहा था कि इस फिल्म को रु0 82.52 लाख का अनुदान दिया गया किन्तु फिल्म के निर्माता रवि किशन तथा समीर त्रिपाठी द्वारा तमाम आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गए,साथ ही कई फर्जी अभिलेख भी लगाये गए. निर्मातागण ने नियमानुसार फिल्म के व्यय के न तो बीजक लगाये थे और न फिल्म के 5 प्रमुख अभिनेताओं के उत्तर प्रदेश के निवासी होने के प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराये थे. निर्माताओं ने 02 अलग-अलग चार्टर्ड अकाउंटेंट से फिल्म के कुल लागत के दो अलग-अलग प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराये थे। उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज कराये जाने तथा अनुदान वापस लेने की मांग की थी। श्री अस्थाना ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस संबंध में 16 जुलाई 2022 को जाँच समिति गठित की गयी जो अभी लंबित है।

### अंकित के शव के टुकड़े बरामद कराने के लिए दोस्तों ने बनाया यह प्लान, बढ़ेगी पुलिस की टेंशन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर में पीएचडी छात्र अंकित खोखर हत्याकांड के खुलासे के बाद अभी तक पुलिस शव को खोजने में असफल है। हत्याकांड के खुलासे में अहम भूमिका निभाने वाले दोस्तों ने जस्टिस फॉर अंकित के नाम से ऑनलाइन मुहिम चला रखी है। अंकित के दोस्त शव बरामदगी को लेकर अब मुख्यमंत्री, गृह मंत्रालय के अलावा पीएमओ से भी गुहार लगाएंगे। पुलिस रविवार को भी शव बरामदगी के लिए सर्च अभियान चलाने का दावा कर रही है। मूलरूप से बागपत के छपरौली स्थित मुकंदपुर गांव निवासी अंकित खोखर पीएचडी स्कॉलर था। वह मोदीनगर की देवेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी उमेश शर्मा के राधा एंक्लेव स्थित मकान में किराये पर रहते थे। मकान मालिक उमेश शर्मा ने एक करोड़ रुपये के लिए अंकित की गला दबाकर हत्या कर दी थी। अंकित के छह दोस्तों की पैरवी पर पुलिस ने बीते बुधवार को हत्याकांड का खुलासा किया था। पूछताछ में हत्या के आरोपी उमेश शर्मा ने आरी से शव के टुकड़े कर गंगनहर में अलग-अलग स्थानों पर फेंकने की जानकारी दी थी। पुलिस अभी तक शव के टुकड़े बरामद नहीं कर सकी है। मोबाइल फोन की सीडीआर ने उमेश शर्मा की कहानी में झोल की पुष्टि कर दी है। पुलिस के लिए शव तलाशना पहेली बन गया है। हत्याकांड की पैरवी में लगे अंकित के दोस्तों का संगठन पुलिस कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

### अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर स्कूल प्रबंधक से ठगे 9.19 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव करना एक स्कूल के प्रबंधक को भारी पड़ गया। अश्लील वीडियो कॉल कर उनकी रिकॉर्डिंग कर ली गई और इसके बाद वीडियो यू-ट्यूब पर डालकर उसे हटाने के लिए 9.19 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने क्रासिंग रिपब्लिक सिटी थाने में दो आरोपियों के खिलाफ ठगी और आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्कूल प्रबंधक का कहना है कि नौ नवंबर को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आई। उन्होंने कॉल रिसीवर कर ली। वीडियो कॉल पर एक महिला बिना कपड़ों के दिखाई दी। उन्होंने कॉल डिस्कनेक्ट की, लेकिन इस बीच 9-10 सेकेंड की कॉल उन्होंने रिकॉर्ड कर ली। कुछ देर बाद उनके नंबर पर फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर और नाम विक्रम गोस्वामी बताया। उसने कहा कि तुम्हारा अश्लील वीडियो यू-ट्यूब पर अपलोड हुआ है। इनकार करने पर उसने कहा कि वह यू-ट्यूब के एक व्यक्ति को जानता है और वह अपनी फीस लेकर इस वीडियो को डिलीट कर देगा। उसने एक नंबर देकर कहा कि यह संजय सिंह का नंबर है और वह वीडियो डिलीट कर सकता है। स्कूल प्रबंधक का कहना है कि उन्होंने इस नंबर पर कॉल किया तो वीडियो डिलीट करने के लिए उसने 21 हजार रुपये फीस मांगी। यह रकम उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। इसके बाद आरोपी ने वीडियो अपलोड करने वाले का ईमेल एड्रेस और अन्य जानकारी मांगी। इसी तरह झांसे में लेकर उनसे करीब पांच लाख रुपये ऑनलाइन जमा करा लिए। इसके बाद कथित सीबीआई इंस्पेक्टर बने ठग ने जांच के नाम पर खाते में रकम ट्रांसफर कराई। इस तरह तीन खातों में उनसे 9.19 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। इसके बाद दोनों का फोन स्विच ऑफ हो गया। स्कूल प्रबंधक ने संजय और विक्रम गोस्वामी नाम के दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्रॉसिंग रिपब्लिक सिटी थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### तीन तलाक बोलकर पत्नी को घर में नहीं दिया घुसने, न्याय की गुहार लगा रही पीड़िता

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के टीला मोड़ थाना क्षेत्र के पसौंडा की रहने वाली महिला को मुजफ्फरनगर में पति ने तीन तलाक बोलकर घर में घुसने नहीं दिया। आरोपी पति अवैध संबंधों का पता चलने पर पत्नी से मारपीट करने के चलते जेल से छूटकर आया है। महिला ससुराल से अपना सामान लेने के लिए गई थी। महिला ने पति के खिलाफ टीला मोड़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पति पर धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

पसौंडा के प्रेम गार्डन निवासी महिला ने बताया कि 27 मार्च 2022 को उसका निकाह मुजफ्फरनगर निवासी सोहेल चौधरी से हुआ था। महिला के परिजन ने शादी में ससुराल के पास ही एक मकान रहने के लिए दिया था। आरोप है कि पति के किसी महिला से अवैध संबंध हैं। इसका पता चलने और उसके विरोध करने पर पति ने 26 जुलाई को मारपीट की। पति उसको लहूलुहान व बेहोशी की अवस्था में छोड़कर भाग गया था। महिला ने अपने परिजन के साथ जाकर टीला मोड़ थाने में पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। पिछले दिनों जेल से आने के बाद से ही पति धमकी दे रहा है। 10 दिसंबर को महिला अपना सामान लेने के लिए ससुराल गई थी। आरोप है कि इसी दौरान पति भी आ गया और उसने महिला के परिवार वालों को गाली देना शुरू कर दिया। कहा कि वह उसको घर में नहीं रखेगा और कोई सामान भी वापस नहीं देगा। परिवार वालों के समझाने पर भी उसका पति नहीं माना। पति ने सब के सामने ही उसको तीन तलाक बोल दिया। एसीपी साहिबाबाद पूनम मिश्रा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### रेड एप्पल और अजनारा ग्रुप के बिल्डरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गाजियाबाद।** रेड एप्पल रेजिडेंसी और अजनारा ग्रुप के बिल्डरों पर नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दोनों ग्रुप के बिल्डरों पर ठगी का आरोप है। रेड एप्पल ग्रुप के बिल्डर पर इससे पहले भी ठगी के कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। बिल्डर पर 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी का आरोप है।

मुरादनगर के रहने वाले रियासत अली का कहना है कि राजनगर एक्सटेंशन की रेड एप्पल रेजिडेंसी सोसायटी की छठी मंजिल पर जून 2013 में टू बीएचके फ्लैट बुक कराया था। उन्होंने 3.36 लाख रुपये एडवांस दिया था और 21 लाख रुपये का लोन पास हुआ था। इसके बाद अगस्त 2013 में पीएनबी के साथ अनुबंध हुआ था। बिल्डर ने कहा था कि फ्लैट पर कब्जा मिलने के बाद ही उन्हें किस्त देनी होगी। नौ साल बीत जाने के बाद भी उन्हें फ्लैट नहीं मिला है, लेकिन कुछ दिन पूर्व बैंक से उनके पास नोटिस पहुंचा कि उनकी किस्त जमा नहीं हो रही। जानकारी करने पर पता चला कि बिल्डर ने बैंक अधिकारियों से साठगांठ कर 21 लाख रुपये का लोन उनके फ्लैट पर उनके नाम से ही निकलवा लिया है। उन्होंने बिल्डर प्रतीक जैन, विजयंत जैन, राजकुमार जैन, अक्षय और मुकेश गोस्वामी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेड एप्पल सोसायटी के मामले में पुलिस अब तक करीब 110 से ज्यादा एफआईआर दर्ज कर चुकी है।

# भड़कता ही जा रहा है पाकिस्तान और अफगानिस्तान का टकराव

## अफगानिस्तान की तरफ से हुई गोलाबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्तों में इस महीने तेजी से गिरावट आई है। पाकिस्तान से लगी सीमा पर लगातार हो रहे आतंकवादी हमलों के कारण अफगानिस्तान में सत्ताधारी तालिबान और पाकिस्तान सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। पिछले हफ्ते चमन सीमा पर अफगानिस्तान की तरफ से हुई गोलाबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दर्जनों नागरिक घायल हो गए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा से चमन सीमा तकरीबन 100 किलोमीटर दूर है। इसके पहले 11 दिसंबर को उसी इलाके में अफगानिस्तान की तरफ से हुई गोलाबारी में सात नागरिक मारे गए थे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दावा किया है कि पाकिस्तानी बलों ने गोलाबारी की घटनाओं का मुंहतोड़ जबाव दिया, जिसमें अफगानिस्तान के आठ से नौ सैनिक मारे गए। लेकिन अफगानिस्तान ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इन घटनाओं से खफा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीते सप्ताहांत एक बयान में कहा- ÷अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार÷ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं फिर ना हों। पाकिस्तान के सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान की अभी तक कोशिश किसी तरह तनाव को काबू में रखने की है। उनके मुताबिक देश के अंदर बढ़ रहे राजनीतिक और आर्थिक संकट के कारण पाकिस्तान सरकार नहीं चाहती कि विवाद ज्यादा भड़के। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक पाकिस्तान के सैनिकों के सीमा पर मरम्मत कार्य में शामिल होने को लेकर विवाद शुरू हुआ। तालिबान सैनिकों ने नागरिक इलाकों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। पाकिस्तान में उग्रवाद के विशेषज्ञ फखर काकाखेल ने कहा है कि असैनिकों को निशाना बनाने की घटनाओं से जाहिर है कि तालिबान अभी तक जिहादी सोच से बाहर नहीं निकले हैं। वे अपने को एक संगठित और अनुशासित सुरक्षा बल में तब्दील नहीं कर पाए हैं। तालिबान नेतृत्व के एक निकट सूत्र ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से बातचीत में कहा कि तालिबान लड़ाकों ने जिस तरह लड़ते हुए जिंदगी गुजारी है, उसके बीच उनसे यह उम्मीद करना ठीक नहीं है कि वे ÷बातचीत से मसले का हल निकालेंगे÷। उस सूत्र ने कहा- 'तालिबान अब चाहते हैं कि उनसे समानता के स्तर पर व्यवहार किया जाए। पाकिस्तान उन्हें अपना दास ना समझे। पाकिस्तान के ऐसे ही नजरिए के कारण तालिबान लड़ाकों में गुस्सा भड़कता है और उनकी हिंसक प्रतिक्रिया सामने आती है।'
जबकि पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि काबुल स्थित तालिबान शासन पाकिस्तान की सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हुआ हमला इस बात की मिसाल है। उन्होंने बताया कि काबुल स्थित अपने राजनयिकों की रक्षा के लिए पाकिस्तान ने तालिबान से 40 सुरक्षाकर्मियों को वीजा देने की गुजारिश की थी। लेकिन तालिबान ने सिर्फ दस सुरक्षाकर्मियों को वीजा दिया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवाद का एक बड़ा मुद्दा आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) है, जिसने हाल में शहबाज शरीफ सरकार से चल रही वार्ता तोड़ कर पूरे पाकिस्तान में हमले करने का एलान कर दिया। पाकिस्तान के अधिकारियों का इल्जाम है कि तालिबान टीटीपी का इस्तेमाल पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए कर रहा है, ताकि उससे वह अधिक से अधिक रियायतें हासिल कर सके।

## रेल मंत्रालय का दावा- बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम तेज

एजेंसी



**मुंबई ।** रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मुंबई और अहमदाबाद के बीच रेलवे की महत्वकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम तेज हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक परियोजना के लिए महाराष्ट्र में 98 फीसदी से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा, 118 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी के लिए खम्भों बनाए गए हैं, गर्डर्स (स्टील या लोहे का लंबा, मोटा टुकड़ा) लगाए गए हैं और बुलेट ट्रेन स्टेशनों के निर्माण का काम भी शुरू हो गया है।
लगता है महाराष्ट्र में सरकार बदलने के साथ ही वन मंजूरी और भूमि अधिग्रहण के मामले में परियोजना की मुश्किलें दूर हो गई हैं। मंत्रालय ने सिलसिलेवार कई ट्वीट किए। एक ट्वीट में उसने दावा किया कि महाराष्ट्र में 98.22 फीसदी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, जबकि गुजरात में 98.87 फीसदी भूमि का अधिग्रहण किया गया है और दादरा और नगर हवेली में 100 फीसदी भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है। रेल मंत्रालय ने कहा, 23 नवंबर तक भौतिक प्रगति 24.1 फीसदी थी। गुजरात में करीब 30 फीसदी और महाराष्ट्र में करीब 13 फीसदी काम पूरा हो चुका है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना 508 किलोमीटर की है और इसका अधिकांश हिस्सा गुजरात में है। महाराष्ट्र में नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी को बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, ठाणे, विरार और बोइसर में नेटवर्क विकसित करना है। अधिकारियों ने कहा, करीब सभी सिविल काम गुजरात में आवंटित किया गए हैं, साथ ही खंभे और नदियों के सभी छोटे और बड़े पुलों का निर्माण किया गया है।

## आरोपी को परेशान करने के लिए कानून को नहीं बनाया जाना चाहिए हथियार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून का इस्तेमाल आरोपियों को परेशान करने के लिए एक औजार के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही अदालतों को हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तुच्छ मामले कानून की पवित्र प्रकृति को खराब ना करें। जस्टिस कृष्ण मुरारी और एस आर भट्ट की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि कानून निर्दोषों की रक्षा के लिए ढाल की तरह है। उन्हें डराने के लिए तलवार के रूप में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई की। दरअसल,मद्रास हाईकोर्ट ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के प्रावधान के कथित उल्लंघन के संबंध में एक आपराधिक शिकायत को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद याचिकाकर्ताओं ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो लोगों के खिलाफ चेन्नई की एक अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।
जस्टिस कृष्ण मुरारी और एस आर भट की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले साल अगस्त के फैसले के खिलाफ एक अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि मामले में प्रारंभिक जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच चार साल से अधिक का अंतर था। इसके अलावा पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी शिकायत में दावों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं दिया गया था। अदालत ने आगे कहा कि मामले में प्रारंभिक जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच देरी एक आपराधिक शिकायत को रद्द करने का आधार नहीं हो सकती है, लेकिन जांच और शिकायत दर्ज करने के बीच की इस %अस्पष्टीकृत देरी% को इसे रद्द करने के आधार के रूप में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कारक के रूप में माना जाना चाहिए।
16 दिसंबर को दिए गए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हालांकि यह सच है कि एक आपराधिक शिकायत को दुर्लभतम मामलों में ही खारिज किया जाना चाहिए, लेकिन यह उच्च न्यायालय का कर्तव्य है कि वह न्याय के गर्भपात को रोकने के लिए सभी मामलों में अपनी दूरदर्शी सोच का प्रयोग करते हुए उसके हर पहलू को विस्तार से देखे। पीठ ने कहा कि मद्रास हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका दाखिल करने वाले लोगों में से एक फर्म का मालिक है। वह कच्चे माल और भोजन, दवाइयों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले रसायनों का व्यापारी है। नवंबर 2013 में एक ड्रग इंस्पेक्टर ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के प्रावधान का कथित उल्लंघन के मामले में उसके कैंपस में जांच की थी।

## भारत की जीत से डब्लूटीसी में बड़ा बदलाव, ऑस्ट्रेलिया से हारकर द.अफ्रीकी टीम तीसरे स्थान पर लुढ़की

एजेंसी




**दुबई।** भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट में हरा दिया। वहीं, दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया ने भी घरेलू टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को दो दिनों में हरा दिया। इससे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में बड़ा बदलाव हुआ है। ऑस्ट्रेलिया की जीत से टीम इंडिया को काफी फायदा पहुंचा है, जबकि खुद ऑस्ट्रेलियाई टीम का भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना लगभग तय हो चुका है। इस पूरे सीजन ऑस्ट्रेलियाई टीम शानदार फॉर्म में दिखी है। फाइनल मुकाबला अगले साल जून में ओवल में खेला जाएगा। भारत ने बांग्लादेश को चटगांव टेस्ट में 188 रन से हरा दिया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया। इन दोनों मैच से पहले भारतीय टीम चौथे और दक्षिण अफ्रीका की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर थी। वहीं, दोनों मैचों के नतीजे के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम 76.92 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ शीर्ष पर काबिज है। वहीं, भारतीय टीम 55.77 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। दोनों मैचों के नतीजों के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम 54.55 पॉइंट पर्सेंट के साथ तीसरे स्थान पर लुढ़क गई है। श्रीलंका 53.33 पॉइंट पर्सेंटेज के साथ चौथे और इंग्लैंड 44.44 पॉइंट पर्सेंट के साथ पांचवें स्थान पर है। वहीं, पाकिस्तान की राह और मुश्किल हो गई है। टीम 42.42 पॉइंट पर्सेंट के साथ छठे स्थान पर है। बांग्लादेश से दोनों टेस्ट में हार से ही पाकिस्तान की टीम फाइनल में पहुंच पाती। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ है। अपडेटेड पॉइंट्स टेबल - फोटो ÷ ट्विटर इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज के बाद बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की जीत और ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण अफ्रीका को हराने से अब भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी के पॉइंट्स टेबल में अंतिम-दो में जगह बनाने की राह आसान हो गई है। भारत को अब कुल मिलाकर पांच टेस्ट खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ एक और टेस्ट के अलावा टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अगर टीम इंडिया सभी पांच मैच जीतने में कामयाब रहती है तो आसानी से फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी।
वहीं, टीम इंडिया अगर इनमें एक भी टेस्ट गंवाती है तो उसे ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज पर निर्भर रहना होगा। दक्षिण अफ्रीका फिलहाल तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर है।

## टीम इंडिया की भलाई के लिए हिटमैन को घर पर बैठना चाहिए

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के परमानेंट कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ 22 दिसंबर से ढाका में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में वापसी कर सकते हैं. बता दें कि रोहित शर्मा अंगूठे की चोट के कारण बांग्लादेश में खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेले थे और उनकी गैरमौजूदगी में खेलने वाले ओपनर शुभमन गिल ने शानदार शतक ठोकते हुए 110 रनों की शानदार पारी खेली थी. शुभमन गिल की इस पारी के दम पर भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच में 188 रनों से हरा दिया था।
शुभमन गिल के प्रदर्शन ने रोहित शर्मा के लिए मुश्किल पैदा कर दी है. अगर रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट मैच में लौटते हैं, तो गाज शुभमन गिल पर ही गिरेगी. ऐसे में सवाल रोहित शर्मा पर ही उठेंगे कि अपने स्वार्थ के लिए उन्होंने अच्छा प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज को ही प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया. भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने तो रोहित शर्मा को लेकर अपने एक बयान से तूफान खड़ा कर दिया है। अजय जडेजा का कहना है कि अब तो रोहित शर्मा को टीम इंडिया की भलाई के लिए घर पर बैठना चाहिए. अजय जडेजा ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर बातचीत के दौरान कहा, रोहित शर्मा को अब टीम इंडिया की भलाई के लिए घर पर बैठना चाहिए. अगर किसी क्रिकेटर के हाथ में चोट लगती है, तो वह से 10 दिन तक बल्ला भी नहीं पकड़ पाता है. क्रिकेटर के हाथ में लगी चोट को ठीक होने में 10 से 15 दिन का समय लगता है. इसलिए मैं यह सलाह देता हूं कि रोहित शर्मा को टीम इंडिया की भलाई के लिए घर पर बैठना चाहिए।

## मीतुल पटेल वाधवानी आंटरप्रेन्यर के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** वाधवानी फाउंडेशन ने आज श्री मीतुल पटेल को वाधवानी आंटरप्रेन्यर के अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। फाउंडेशन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि श्री पटेल वाधवानी फाउंडेशन की कमान संभाल कर उद्यम के इकोसिस्टम और छोटे व्यवसायों के विकास की गति बढ़ाएंगे। फाउंडेशन एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में वैश्विक पहुंच बढ़ा रहा है जिसके मद्देनजर इस नियुक्ति का रणनीतिक महत्व है और इसका उद्देश्य फाउंडेशन के मिशन को मजबूत और विस्तृत करते हुए उच्च गुणवत्ता का रोजगार पैदा करना और लाखों लोगों को बेहतर जिन्दगी देना है। श्री पटेल इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के स्ट्रैटेजिक ग्रोथ के प्रमुख थे। उन्होंने टेक्नोलाजी सेवा से वंचित बाजारों को यह लाभ देने के लिए जरूरी रणनीतिक साझेदारी और नए प्लेटफॉर्म विकसित करने की जिम्मेदारी निभाई। इस भूमिका से पहले श्री पटेल माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के सीओओ थे और उनकी देखरेख में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया की भारतीय सहायक कंपनी के व्यवसाय और उत्पाद योजना, विपणन और बिक्री कारोबार सफल रहा।

## गूगल की महिला स्टार्टअप को वित्तीय मदद की घोषणा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** टेक्नालॉजी एवं सर्च इंजन कंपनी गूगल ने नन्न सिर्फ स्टार्टअप बल्कि हर क्षेत्र के डिजिटलीकरण पर जोर देते हुये आज कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुये 10 अरब डॉलर अर्थात 75 हजार करोड़ रुपये के भारत डिजिटलीकरण कोष की घोषणा की गयी है।
गूगल फार इंडिया के 8वें संस्करण में आज यह घोषणा की गयी। कंपनी इस कोष से उन महिलाओं को भी मदद करेगी जो फंड की कमी से जूझ रही हैं या जिन्हें बिजनेस को विस्तार देने के लिए पैसों की जरुरत है। उनकी आवश्यकताओं को गूगल अब पूरा करने की कोशिश करेगा।
इंटरनेट तक किफायती पहुंच बनाने के लिए कंपनी ने 10 अरब डॉलर (करीब 75,000 करोड़ रुपये) का 'भारत डिजिटलीकरण कोष (आईडीए)' शुरू किया है। इस कोष के जरिए कंपनी ने जियो में 7.73 फीसदी हिस्सेदारी 4.5 अरब डॉलर में और भारती एयरटेल में 1.2 फीसदी हिस्सेदारी 70 करोड़ डॉलर में खरीदी है। गूगल इंडिया के कंट्री मैनेजर एवं उपाध्यक्ष संजय गुप्ता ने 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में कहा, ÷हमारे आईडीएफ निवेश के हिस्से के रूप में आगे जाकर हम शुरुआती स्तर की कंपनियों को समर्थन देंगे जिसमें महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।÷ कंपनी ने इसमें स्पीच प्रौद्योगिकी, वॉइस एवं वीडियो सर्च जैसी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित कई परियोजनाओं की घोषणा की है।
उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से लिखित सामग्री को तुरंत ही वीडियो में बदला जा सकेगा, अंग्रेजी से किसी भाषा में व्यापक रूप से अनुवाद भी संभव होगा। कंपनी ने भारत के 773 जिलों से स्पीच आंकड़े एकत्रित करने के लिए बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ सहयोग की घोषणा भी की है।

# देश-विदेश डायरी

## टोरंटो में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो शहर के उत्तर में एक आवासीय यूनिट में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को रविवार को एक भयावह दृश्य मिला जहां पांच लोग मारे गए थे। पुलिस ने एक संदिग्ध को गोली मार दी थी। संदिग्ध के गोलीबारी करने के मकसद का खुलासा नहीं किया गया है। इसकी जांच जारी है।

## थाईलैंड का नौसैनिक जहाज डूबा, 100 से ज्यादा नाविक फंसे

**बैंकॉक।** थाईलैंड की खाड़ी में आये भीषण तूफान के दौरान थाई नौसेना का एक जहाज डूब गया, जिससे 100 से अधिक नाविक फंस गये हालांकि उनमें से अधिकतर को सुरक्षित निकाल लिया गया है। रॉयल थाई नेवी के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना में किसी नाविक की मौत नहीं हुई है लेकिन चालक दल के 106 में से 28 सदस्य अब भी पानी में फंसे हुए हैं। इनमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। नौसैनिक जहाज एचटीएमएएस सुखोताई प्राचुआप खीरी खान प्रांत में बंग सफन जिले के तट से महज 32 किमी दूर पानी में गश्त पर था, तभी रविवार रात करीब 11.30 बजे तूफान में फंस गया। रॉयल थाई नौसेना ने बताया कि तीन नौसैनिक जहाजों और हेलिकॉप्टरों को सहायता के लिए भेजा गया था, लेकिन जहाज के डूबने से पहले केवल एचटीएमएएस क्रबुरी ही उस तक पहुंच सका। एचटीएमएएस क्रबुरी ने सुखोताई पर सवार 106 नाविकों में से 78 को बचा लिया। चालक दल के शेष सदस्यों को खोजने के लिए रात भर खोज जारी रही।
जॉर्डन को जल अलवणीकरण परियोजना के वित्तपोषण के लिए 20 करोड़ यूरो का ऋण स्वीकृत

## जॉर्डन को जल अलवणीकरण परियोजना के वित्तपोषण के लिए 20 करोड़ यूरो का ऋण स्वीकृत

**अम्मान।** जॉर्डन ने यूरोपीय निवेश बैंक के साथ राष्ट्रीय जल वाहक परियोजना के वित्तपोषण के लिए 20 करोड़ यूरो (21.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के आसान ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। जॉर्डन के योजना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के रविवार को एक बयान के अनुसार परियोजना जिसे अकाबा-अम्मान जल विलवणीकरण और परिवहन परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, लाल सागर के पानी को अलवणीकरण करने और अम्मान और जॉर्डन के अन्य शहरों में ताजे पानी की आपूर्ति करने पर जोर देती है। जॉर्डन के योजना और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्री ज़ीना टूकन और जल और सिंचाई मंत्री मोहम्मद नज्जर ने बैंक के उपाध्यक्ष जेल्सोमिना विग्लियोटी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## नये प्रारूप में खेली जाएगी संतोष ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) का आयोजन नये प्रारूप में किया जाएगा जहां 36 टीमें छह अलग-अलग ग्रुप में पहले दौर की शुरुआत करेंगी। संतोष ट्रॉफी के ग्रुप एक के मेजबान फुटबॉल दिल्ली ने बताया कि इन समूहों की शीर्ष छह टीमों के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ तीन टीमें अगले राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप एक में मेज़बान दिल्ली को कर्नाटक, गुजरात, उत्तराखंड, त्रिपुरा और लद्दाख के साथ रखा गया है। अंबेडकर स्टेडियम पर 23 दिसंबर को होने वाले उद्घाटन मैच में दिल्ली और त्रिपुरा आमने सामने होंगे। फुटबॉल दिल्ली ने कहा कि वह संतोष ट्रॉफी के आखिरी चरण की मेजबानी करने पर भी विचार कर रहा है।

## बीसीसीआई करेगी रोहित-द्रविड़ की किस्मत का फैसला, दोनों की टी20 टीम से हो सकती है छुट्टी!

**मुंबाई।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 की हार के बाद से ही रोहित शर्मा की टी20 टीम की कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही उनकी कप्तान पर बड़ा फैसला लेने वाली है. रोहित शर्मा के अलावा हेड कोच राहुल द्रविड़ की भी टी20 टीम से छुट्टी हो सकती है. इन दोनों ही खिलाड़ियों के भविष्य के ऊपर एपेक्स काउंसिल मेंबर की मीटिंग में फैसला लिया जाएगा। 21 दिसंबर को होने वाली है. इस मीटिंग के बाद भारतीय क्रिकेट में कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. बीसीसीआई इस मीटिंग के बाद कई फॉर्मेट के लिए अलग-अलग कोच और कप्तान का ऐलान भी कर सकती है. रोहित शर्मा की बढ़ती उम्र को देखते हुए उनसे टी20 टीम की कमान ली जा सकती है, वहीं वनडे और टेस्ट में वह कप्तान बने रहेंगे।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड टी20 सेट-अप के लिए अलग कोच नियुक्त करने के लिए विचार कर रहा है, यानी हेड कोच राहुल द्रविड़ की टी20 टीम से छुट्टी हो सकती है. टीम इंडिया को जनवरी में ही श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है. इस सीरीज में टीम इंडिया नए कप्तान और कोच के साथ मैदान पर ऊतर सकती है. हार्दिक पांड्या टी20 के कप्तान बनने की रेस में सबसे आगे हैं. वहीं, राहुल द्रविड़ वर्क लोड कम करने के लिए टी20 टीम में उनकी जगह नया कोच आ सकता है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इनसाइडस्पोर्ट्स से बात करते एपेक्स काउंसिल मेंबर की मीटिंग के बारें में कहा, %हम बार-बार हारने का जोखिम नहीं उठा सकते. हम अब कोई चांस नहीं लेंगे. हम पहले से ही रोहित शर्मा के साथ चर्चा कर रहे हैं और वह टी20 फॉर्मेट के लिए नए कप्तान की नियुक्ति को लेकर सहज हैं. हम राहुल द्रविड़ के साथ भी ऐसा ही करेंगे. वह निस्संदेह एक संपत्ति है. लेकिन उसकी थाली में बहुत कुछ है और हम उसका भार कम करना चाहते हैं. हम जल्द ही उनसे मिलेंगे।

## बांग्लादेश दौरे के बीच टीम इंडिया को लगा बड़ा झटका, चोट के चलते दूसरे टेस्ट से बाहर हुआ रोहित

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच दिसंबर से मीरपुर में शुरू होने वाला है. इस मैच से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है. चोट के चलते एक बड़ा मैच विनर खिलाड़ी इस टेस्ट से बाहर हो गया है. ये खिलाड़ी वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुआ था और पहले टेस्ट में भी टीम का हिस्सा नहीं बन सका था। टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट के बाद अब दूसरे टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक रोहित शर्मा हाथ के अंगूठे में की चोट से उभर नहीं पाए हैं, जिसके चलते वह बांग्लादेश नहीं जाएंगे. रोहित शर्माको बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मैच के दौरान हाथ के अंगूठे में गंभीर चोट लगी थी। रोहित शर्मा चोटिल होने के बाद ढाका से मुंबई आए गए थे. वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में हैं. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे टेस्ट मैच में भी केएल राहुल टीम की कमान संभालेंगे. पहले टेस्ट मैच में भी रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में केएल राहुल ने ही कप्तानी की थी. केएल राहुल पहले टेस्ट में एक आसान जीत दिलाने में भी कामयाब रहे।

## गिरावट से उबरा शेयर बाजार; सेंसेक्स-निफ्टी में आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सीडी, ऊर्जा, एफएमसीजी, ऑटो और सर्विसेज समेत 18 समूहों में हुई मजबूत लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरते हुए आज शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 468.38 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 61806.19 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 151.45 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की उड़ान भरकर 18420.45 अंक पर पहुंच गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

CMYK



# पठान’ का किरदार जॉन की सबसे बड़ी जीत, कभी सामने होकर भी मिलने से कतराते थे शाहरुख खान



इन दिनों शाहरुख खान अपनी आगामी फिल्म पठान को लेकर कुछ ज्यादा ही चर्चा में हैं। फिल्म के गाने बेशरम रंग को लेकर भी सोशल मीडिया पर जंग सी छिड़ी हुई है। पठान में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के अलावा जॉन अब्राहम की भूमिका काफी दमदार मानी जा रही है। पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की माने तों पठान को लार्जर दैन लाइफ बनाने के लिए एक खतरनाक विलेन की जरुरत थी, इसलिए फिल्म में जॉन अब्राहम को लिया गया यानी कि जॉन अब्राहम के बिना शाहरुख खान की फिल्म पठान की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन, फिल्म जगत में भी कम ही लोगों को पता है कि एक ऐसा भी समय था जब शाहरुख खान से मिलने के लिए जॉन अब्राहम लालायित रहते थे और शाहरुख खान के पास उनसे मिलने तक का समय नहीं होता था। बात उन दिनों की है जब शाहरुख खान की बॉक्स ऑफिस पर तूती बोलती थी और जॉन अब्राहम इंडस्ट्री में खुद को स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उस समय जॉन अब्राहम ने शाहरुख खान के साथ कई बार मिलने की कोशिश की लेकिन हर बार शाहरुख खान ने जॉन अब्राहम को नजरअंदाज ही किया। 17 साल पहले शाहरुख खान ने करण जौहर के साथ मिलकर फिल्म काल का निर्माण किया था। इस फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय के साथ जॉन अब्राहम भी खास भूमिका थे। काल फिल्म की शूटिंग से जुड़े लोग बताते हैं कि काल की शूटिंग के दौरान जॉन अब्राहम ने शाहरुख खान से कई बार मिलने की कोशिश किए लेकिन हर शाहरुख खान ने उन्हें नजरअंदाज ही किया। अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, जॉन अब्राहम, लारा दत्ता, एशा देओल जैसे सितारों के बावजूद फिल्म नहीं चली। फिल्म एडिट के बाद जब कमजोर दिखी तो शाहरुख खान और मलाइका अरोड़ा पर काल धमाल प्रमोशनल गाना भी फिल्माया गया, बावजूद इसके फिल्म नहीं चली। बताया जाता है कि जॉन अब्राहम तब शाहरुख खान से मिलने के लिए काल धमाल के प्रमोशन सॉन्ग की शूटिंग पर भी गए थे लेकिन शाहरुख खान नहीं मिले। शाहरुख खान के जॉन अब्राहम बहुत बड़े फैन हैं और वह बार बार शाहरुख से मिलने का मौका तलाशते रहे, लेकिन शाहरुख खान से उस दौरान मुलाकात नहीं हो पाई।

किस्मत का खेल देखिए, आज वही जॉन अब्राहम पठान में शाहरुख खान के सामने मेन विलेन बनकर आ रहे हैं। फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की माने तो पठान को लार्जर दैन लाइफ बनाने के लिए उन्हें एक खतरनाक विलेन की जरूरत थी, जो लार्जर दैन लाइफ जैसा ही हो।

दिखने में एकदम शालीन, लेकिन एकदम निर्दयी। जॉन अब्राहम के लुक में ऐसी बात थी, जो निर्दयी दिखने के साथ साथ शालीन भी हो। इसलिए ये किरदार जॉन अब्राहम को ही ध्यान में रखकर किरदार लिखा गया। इसके पहले जॉन यशराज फिल्म्स की पिक्चर ‘धूम’ में विलेन के तौर पर अपना कमाल दिखा चुके हैं। पठान में जॉन अब्राहम को जो किरदार मिला है वह शाहरुख खान के कट्टर दुश्मन की भूमिका का है। वह फिल्म में एक ऐसे खूंखार की भूमिका निभा रहे हैं, जो पैसे लेकर अपने दुश्मनों को खत्म कर देता है। फिल्म में जॉन का काम शाहरुख को भी काफी पसंद आया है और उन्होंने इसकी तारीफ भी खूब की है। अभी जॉन के जन्मदिन पर भी शाहरुख ने सोशल मीडिया पर उनके बारे में लिखा था।

# दीपिका पादुकोण ने रचा इतिहास, आखिर क्या है वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च की वजह



फुटबॉल लवर्स के लिए कल का बेहद शानदार रहा होगा। इतने दिलचस्प मैच का आखिरकार कल निर्णय हो ही गया। जहां फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना ने ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। वही इस वर्ल्ड कप में इतिहास सिर्फ अर्जेंटीना ने ही नहीं रचा हैं। बल्कि एक और शख्स ने इतिहास अपने नाम कर लिया हैं। और ये शख्स कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड की डिवा दीपिका पादुकोण हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे है क्यों की दीपिका पादुकोण ने फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लॉन्च की और ऐसा करने वाली वह पहली ग्लोबल स्टार हैं। यह भारत के लिए गर्व से भरा पल था। दीपिका पादुकोण के साथ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को पूर्व स्पेनिश गोलकीपर इकर कैसिलास ने लॉन्च किया। वही अब यह बात तो सभी जानते है की दीपिका पादुकोण का फुटबॉल के साथ दूर-दूर तक कोई नाता नहीं हैं। ऐसे में अब लोगों के मन एक बड़ा सवाल खड़ा होने लगा है, और वो ये है की आखिर एक्ट्रेस को इतने बड़े वर्ल्ड कप के ट्रॉफी लांच करने का मौका कैसा मिल गया। दीपिका पादुकोण और इकर कैसिलास ने फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को लुसैल स्टेडियम में लॉन्च किया था। करीब 6.175 किलो की यह ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से बनी थी।

# शाहिद कपूर की फिसली जुबान, प्राइवेट पार्ट पर कही ऐसी बात! सुनकर कियारा आडवाणी भी हुईं शर्म से लाल



बॉलीवुड के मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहरअपने विवादित टॉक शो कॉफी विद करण को लेकर काफी सुर्खियां बटोरते हैं. वहीं फैंस भी इस चैट शो को बेहद पसंद करते हैं क्योंकि कॉफी विद करण में दिलचस्प और मसालेदार गॉसिप्स मिलता है. करण जौहर के शो में इस साल बहुत से बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर चेहरे पहुंचे. वहीं, एक एपिसोड में कबीर सिंहकी स्टार शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी भी नजर आए थे. वहीं, इस एपिसोड में शाहिद ने अपनी बॉडी के सबसे सेक्सी पार्ट का खुलासा किया. उनकी जुबान ऐसी फिसली कि शो के होस्ट करण और कियारा आडवाणी भी भौचक्के रह गए. वैसे कॉफी विद करण के लगभग हर एपिसोड में करण गेस्ट्स के साथ उनकी प्राइवेट लाइफ पर भी बात करते हैं. वहीं, आप देख सकते हैं कि कॉफी विद करण के इस प्रोमो वीडियो में जब शाहिद कपूर से पूछा गया कि उनके हिसाब से उनकी बॉडी का सबसे सेक्सी हिस्सा कौन सा है? इसपर शाहिद ने बिना सोचे और हिचके तपाक से कहा वो हिस्सा कैमरे पर अभी नजर नहीं आ रहा है. अब जाहिर-सी बात है कि यहां शाहिद कपूर अपने प्राइवेट पार्ट की ही बात कर रहे हैं. खैर, एक्टर का जवाब सुनकर वहां बैठे करण और कियारा भी शॉक हो गए थे। वहीं, बात करें कियारा आडवाणी और शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्मों की तो हाल ही में कियारा की फिल्म गोविंदा नाम मेरा ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई है जिसमें उनके साथ विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर ने अहम भूमिका निभाई है. इसके अलावा कियारा के पास कार्तिक आर्यन के साथ सत्यप्रेम की कथा नाम की फिल्म भी है. वहीं, दूसरी तरफ शाहिद कपूर जल्द ही फिल्म ब्लडी डैडी में डायना पेंटी के साथ नजर आएंगे. साथ ही उनके पास दिनेश विजन की अगली अनटाइटल्ड फिल्म भी है जिसमें वो कृति सेनन के साथ रोमांस करते हुए नजर आएंगे. इन दोनों फिल्मों के अलावा शाहिद की पाइपलाइन में आदित्य निम्बालकर की फिल्म बुल भी है।

# क्या अपनी वाइफसे अलग होने जा रहे हैं महादेव फेम मोहित रैना!

**पॉपुलर** टीवी शो देवों के देव महादेव फेम एक्टर मोहित रैना सुर्खियों में छाए हुए हैं। मगर इस बार वो अपनी किसी फिल्म को लेकर नहीं बल्कि अपनी पर्सनल लाइफको लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फेमस टीवी एक्टर मोहित ने इस साल की शुरुआत में अदिति शर्मा से शादी की थी। हालांकि अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इन दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। दरअसल, मोहित रैना ने अपने इंस्टग्राम अकाउंट से अदिति के साथ अपनी शादी की सभी फोटोज को डिलीड कर दिया हैं। इतना ही नहीं उन्होंने उनके साथ अपनी पहली होली की फोटोज भी इंस्टा से हटा दी हैं। वैसे पिछले काफी वक्त से मोहित और अदिति के अलग होने की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं अब मोहित के इस स्टेप के बाद से ही उनके और अदिति के अलग होने की अफवाहों को और हवा मिल गई हैं। बता दें कि मोहित और अदिती ने 1 जनवरी 2022 को शादी के बंधन में बंधे थे। मोहित ने शादी की तस्वीरें सीधे सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी जिसे देखकर हर कोई हैरान था। मोहित ने अपनी शादी की कई सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की थी। शादी की सभी तस्वीरों में मोहित अदिति काफी प्यारे लग रहे थे। ऐसे में गुपचुप तरीके से शादी को लेकर एक्टर ने खुलासा किया था कि उन्होंने काफी शॉर्ट नोटिस पर शादी की थी। गौर करने वाली बात ये है कि मोहित और आदिति की सिर्फ ही तस्वीर एक्टर के इंस्टाग्राम पर नजर आ रही है जिसमें उन्होंने अपनी वाइफको अपनी पीट पर उठाया हुआ है। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्टर से सवाल पूछने शुरु कर दिए है। मोहित की पोस्ट पर फैंस और उनके चाहने वाले उनकी शादी की तस्वीरें ना देंखिने पर परेशान हो गए है और उनसे सवाल कर रहे हैं।मोहित और अदिति एकलौती फोटो पर कॉमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, तुम लोग साथ में तस्वीरें पोस्ट क्यों नहीं करते, मैंने देखा है कि वह इंस्टाग्राम पर भी एक-दूसरे को फॉलो नहीं कर रहे हैं और अपनी शादी की तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं।

# बदलते मौसम में सेहत के लिए है काली मिर्च की चाय, जानें बनाने का तरीका




मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है, सर्दी के कारण गला में खराश की समस्या बढ़ रही हैं। ऐसे में चाय में यदि कुछ चीजें मिला ली जाए तो सर्दी के मौसम में गला खराब होने की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। इनमें काली मिर्च की चाय सबसे ज्यादा फायदेमंद है। यह चाय सेहत के लिए तो फायदेमंद है ही साथ ही इसे पीने से वजन भी कम होता है। काली मिर्च के फायदे देखते हुए ही इसका इस्तेमाल आयुर्वेद में भी किया जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार काली मिर्च में कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम के साथ साथ विटामिन ए, के और सी भी पाया जाता है। यह हेल्दी फैट और डायटरी फाइबर से भरपूर होती है। आप इसे सुबह चाय के तौर पर ले सकते हैं।

कैलोरी होती है बर्न

इस मसाले में कैल्शियम, पोटैशियम,सोडियम के साथ ही विटामिन ए, के और सी पाया जाता है। इसके अलावा काली मिर्च हेल्दी फैट और डायटरी फाइबर से समृद्ध होती है। स्टडी में पाया गया है कि काली मिर्च में थर्मोजेनिक इफेक्ट होता है जो कैलोरी बर्न करने में मदद करता है।

मेटाबॉलिज्म बढ़ाता है

काली मिर्च में विटामिन और मिनरल पाया जाता है। यह एक सुपरफूड है जो शरीर को बीमारियों से दूर रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और तेजी से वजन घटाने में मदद करता है।

भूख करता है कम

रोजाना एक कप काली मिर्च की चाय का सेवन करने से बार-बार भूख नहीं लगती है। यह भूख को घटाता है जिससे आप ज्यादा खाना खाने से बच सकते हैं। सिर्फ यही नहीं, पेट भरा रहने पर आप अनहेल्दी फूड खाने से बच जाते हैं जिससे वजन घटाने में आसानी होती है।

**वजन रखता हैं नियंत्रित**

काली मिर्च में पिपेरिन कंपाउंड पाया जाता है। यह पाचन को मजबूत करता है और मेटाबोलिक रेट को बढ़ाता है। दरअसल, यह कंपाउंड शरीर में जमा फैट को घटाता है और वजन को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

**ऐसे बनाएं काली मिर्च की चाय:**

1. एक पैन में पानी गर्म करें।
2. इसके बाद इसमें एक चौथाई चम्मच काली मिर्च, एक चम्मच कद्दूकस अदरक मिलाकर 5 मिनट तक उबालें।
3. इसे छानकर इसमें एक चम्मच नींबू का रस और शहद मिलाएं।
4. काली मिर्च की चाय तैयार है।

# गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण कई तरह की बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। खासकर बढ़ता वजन इन दिनों सबसे खतरनाक समस्या बना हुआ है। बढ़ते वजन को कम करने के लिए आप अपने लाइफस्टाइल की आदतों में बदलाव करके खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। हैल्दी आदतों को अपनाकर आप इन अपने शरीर को फिट रख सकते हैं। बिना जिम के भी आप अपना वजन कम कर सकते हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसे टिप्स जिनके जरिए आप अपने शरीर को फिट और हैल्दी रख सकते हैं...

**रोजाना करें कसरत**

वजन कम करने के लिए जरुरी नहीं कि आप जिम जाएं आप घर में रहकर कसरत कर सकते हैं। डांस, एरोबिक्स, जुंबा जैसी एक्टिविटीज के जरिए आप वजन कम कर सकते हैं। एक महीने में वजन घटाने के लिए आप 50 मिनट को कसरत कर सकते हैं।

**गुनगुना पानी पिएं**

रोज सुबह गुनगुने पानी का सेवन करके भी आप वजन कम कर सकते हैं। इससे आपका शरीर हाइड्रेट भी रहेगा और वजन भी कम होगा। यदि आप फिट रहना चाहते हैं तो रोजाना सुबह गुनगुने पानी का सेवन करें। पानी के साथ आप नींबू, मेथी दाने, नींबू, जीरा वॉटर जैसी चीजें मिलाकर भी पी सकते हैं।

**फाइबर खाएं**

वजन कम करने के लिए आप अपनी डाइट का खास ध्यान रखें। जरुरत से ज्यादा खाने के कारण आपका वजन बढ़ सकता है। डाइट में आप फाइबर की मात्रा बढ़ा सकते हैं। फाइबर का सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। ऐसे में यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो फाइबर का सेवन कर सकते हैं।

**कम कर दें चीनी का सेवन**



आप चीनी का सेवन कम कर दें। ऐसी किसी भी चीज का सेवन न करें जिसमें आर्टिफिशियल शुगर की मात्रा पाई जाती है। इसके अलावा पैकेज्ड फूड से भी परहेज करें। पैकेज्ड फूड्स में कॉर्ब्स की मात्रा बहुत ज्यादा होती है जिसके कारण आपका वजन बढ़ सकता है। ऐसे में यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो चीनी का सेवन कम कर दें।

**पैदल जरुर चलें**

पैदल चलने से भी आप फिट रह सकते हैं। रोजाना कम से कम आप 40 मिनट तक जरुर चलें यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो रोज 10 हजार कदम चलने का लक्ष्य जरुर बनाएं। इसके अलावा ब्रिस्क वॉक रनिंग भी आप अपनी रुटीन में शामिल कर सकते हैं।

# दिल दोस्ती डांस फेम एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया



दिल दोस्ती डांस फेम एक्ट्रेस वृशिका मेहता ने अपने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज दिया है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट कर एक बड़ी अनाउंसमेंट कर दी है। जिसे देख फैंस तो फैंस एक्ट्रेस के दोस्त भी शॉक हो गए हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपनी जिन्दगी का एक बड़ा कदम उठा लिया है। अब उन्होंने सगाई कर ली है, जिसके बाद उन्होंने अपने होने वाले दूल्हे के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कर उन्हें सभी से मिलवाया है। आपको बता दें, एक्ट्रेस को फेम क3 में शेरोन राय प्रकाश के रोल से मिला था। जहां एक्ट्रेस की खूबसूरती के साथ उनके डांस को भी ऑडियंस ने काफी पसंद किया था। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस ये रिश्ता क्या कहलाता है में नजर आई थी। साथ ही टीवी के अलावा सोशल मीडिया पर भी वृशिका मेहता अपने फैंस से जुडी रहती हैं। उनके डांसिंग वीडियो सभी को इम्प्रेस कर देते हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सभी को चौंका दिया है। दरअसल, किसी को भी अंदाजा नहीं था कि एक्ट्रेस सगाई करने वाली हैं। लेकिन अब उन्होंने सौरभ घेडिया नाम के शख्स से हमेशा साथ निभाने का वादा कर लिया है। आपको बता दें, भले ही वृशिका के मंगेतर के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है लेकिन उनके इंस्टाग्राम बायो से पता चला है कि वो टोरंटो में रहते हैं। वहीं, बात अगर सगाई की फोटोज की करें तो वृशिका ने अपनी सगाई के लिए ग्रे रंग का भारी लहंगा चुना, जबकि सौरभ ने भी कलर कोऑर्डिनेट कर ग्रे शेरवानी पहनी। दोनों को इस तस्वीरों में बेहद खुश देखा ज ा सकता है। दोनों एक-दूसरे में खोए हुए, एक-दूसरे को थामे हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, कमेंट बॉक्स में लोगों ने एक्ट्रेस को इस खास दिन के लिए बधाई दी हैं और एक्ट्रेस के दोस्तों ने इस ड्रीम इंगेजमेंट का वीडियो देख कपल पर प्यार लुटाया है। अब एक्ट्रेस की सगाई की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। हर कोई एक्ट्रेस की खूबसूरती पर फिदा होता नजर आ रहा है और चाहने वालो ने अब बधाइयों का तांता लगा दिया है।

CMYK